ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 34, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 2

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14



## आस्था की डुबकी

**वाराणसी** : गंगा दशहरा पर रविवार को काशी के दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। इस मौके पर घाटों को सजाया गया था। वाराणसी में गंगा दशहरा पर दूर दराज के लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं।

**एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ**

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

### सूचना

ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में सोमवार (17 जून) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक बुधवार को प्रकाशित होगा।

–संपादक

### एक नजर

#### सलमान के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने रविवार को बताया कि राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) ने अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं तथा मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं।

#### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है।

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

## राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। राहुल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ राहुल ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों पर भी करें सख्त कार्रवाई : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी





- जम्मू-कश्मीर में ताजा हालात पर गृहमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक
- एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शाह ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाए के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। एक हफ्ते से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।

### उप राज्यपाल ने स्थिति से कराया अवगत

शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादी गतिविधियों के बारे में बताया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शाह और डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

### पांच घंटे चली बैठक, एनएसए डोभाल भी रहे मौजूद

दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

**एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी**

ब्यूरो, देहरादून



एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

ब्यूरो, देहरादून



कार के खाई में गिरने के बाद बचाव में लगे राहतकर्मी।

- वाहन में सवार थे एक ही परिवार के सात लोग तीन घायल
- 24 घंटे में दूसरा हादसा, शनिवार को रुद्रप्रयाग में हुई थीं 15 मौतें

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे में दो जानलेवा हादसे हो गए हैं। शनिवार को रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर गिरने से 15 की मौत हुई थी तो रविवार को पौड़ी जनपद के खिर्सू में एक कार खाई में गिरी गई जिसमें दो बच्चों समेत चार की मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों ने शवों और घायलों को निकाला। परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक एक ही परिवार के साक्षी नेगी (14) पुत्री सुरेश नेगी, निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15) पुत्री विनोद रावत, निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) पुत्र अजय निवासी उरेगी, सृष्टि नेगी (18) पुत्री सुरेश नेगी निवासी परसुंडाखाल, वाहन चालक मनवर सिंह निवासी चोपड़ा, आरूषी (13) पुत्री अजय निवासी उरेगी, सौम्या (9) पुत्री गणेश निवासी उरेगी (पौड़ी) सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास ही पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में सृष्टि नेगी, वाहन चालक मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल साक्षी, समीक्षा व सागर उर्फ कान्हा को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित





अयोध्या कार्यालय

- 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

**अमृत विचार** : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष


पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

**गंभीर समस्या** | अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा

- मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल



**अमृत विचार** : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।

### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

# ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

- धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।



## खेल डायरी

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे हैं। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।

### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।



# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रेंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

● हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रैविस हेड। ● एजेंसी

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

# भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त



जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

# अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

**डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी**

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।



स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

# तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

**अंताल्या, एजेंसी**

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।



# इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।



जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाडी। ● एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना खीरी के गांव मोतीपुर निवासी एक महिला ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाया है। थाना नीमगांव पुलिस ने आरोपी पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मोतीपुर निवासी संघमित्रा ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी सात साल पहले थाना नीमगांव के गांव लौका निवासी अमित पुत्र रामकुमार के साथ हुई थी। दिये गए दान दहेज से पति अमित, सास सुनीता देवी, ससुर रामकुमार व ननद पिंकी संतुष्ट नहीं थे। फ्रिज, कूलर, रंगीन टीवी व 50000 रुपये नगद की मांग कर मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। पुत्रई का जन्म होने के बाद अत्यधिक प्रताड़ित करने लगे। 13 नवंबर 23 की दोपहर 12 बजे मारपीट कर घर से भगा दिया। छह साल की पुत्री को भी छीन लिया। सूचना पाकर पिता जब उसकी ससुराल आए तो ससुर ने पिता को लात घूसों से मारापीटा। थाना नीमगांव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का चुनाव 27 को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में नगर कार्यकारिणी के चुनाव पर चर्चा कर 27 जून को मतदान कराने का निर्णय लिया गया। नगर के सिंह बिल्डिंग स्टोर पर जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष/महामंत्री के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा चुनाव अधिकारी वीरेंद्र वर्मा, श्रीप्रकाश रस्तोगी, रमेश शुक्ला, गुंजन मिश्रा ने की। बैठक में तय हुआ कि 19 जून को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, 20 जून को नामांकन, जांच, आपत्ति एवं निस्तारण, नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन और 27 जून को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। उसके बाद मतगणना करा कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। बैठक में मुनेंद्रपाल सिंह, पवन गुप्ता, विनोद मिश्रा, विनोद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुन्ना, शिव कुमार सोनी, दीपक गुप्ता, अतहर खां, श्याम राजपूत, सन्नी गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### पाठशाला में वैज्ञानिक विधि से खेती करने पर दिया जोर

**बिजुआ, अमृत विचार :** विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत पडरिया तुला मे ग्राम पंचायत किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने की जानकारी दी गई। गोष्ठी में ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर राजीव वर्मा ने किसानों को सरकार द्वारा कृषि विभाग के कर्मचारियों ने किसान पाठशालाओं मे कृषि विभाग, गन्ना, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी।

# झुलसा रही धूप, बचाव के इंतजाम पड़ रहे नाकाफी

## अधिकतम तापमान रहा 46.3, आगामी कुछ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। गर्मी का सितम सुबह से शुरू होकर शाम 4 से 5 बजे तक जारी रहता है। साथ ही तेज गर्म हवाएं आग में घी डालने का काम कर रही हैं। आसमान से बरस रही आग गर्म हवाओं के थपेड़ों से आम जनजीवन बेहाल है। रविवार को चिलचिलाती धूप के साथ लू चलने से दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा रहा। यह स्थित तब रही, जब सोमवार को बकरीद का त्योहार है। त्योहार से पहले खरीदारों की भीड़ से सड़कें गुलजार रहती थीं।



लू से बचने के लिए घरों में रहे लोग, खीरी रोड पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

गर्मी का आलम यह है कि दिन पर दिन पारा बढ़ रहा है। रविवार सुबह 9 बजे से ही लोगों को तेज धूप के साथ लू का सामना करना पड़ा। दिन चढ़ने के साथ गर्मी का सितम भी बढ़ता रहा। दोपहर में अचानक तेज गर्म हवाएं चलने और आसमान से आग बरसने की वजह से बाजार में भी लोगों की आवाजाही कम ही रही। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से बचने के लिए लोग घरों में ही रहे। रविवार को अधिकतम तापमान 46.3 व न्यूनतम 32.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। आगामी कुछ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी कर धूप में बाहर जाने से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी कुछ दिन तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

### नींबू पानी व छाछ का करें इस्तेमाल

जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. शिखर बाजपेई बताते हैं कि इस समय विकट गर्मी है। लू का खतरा भी बरकरार है। इससे शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए हर एक घंटे पर पानी पीने के अलावा अन्य तरल पदार्थ का सेवन करते रहें। गर्मी से बचने के लिए हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। घर से बाहर निकलने पर अपने साथ पानी अवश्य रखें। धूप से बचाव के लिए टोपी पहने या फिर छाता लगाएं। गर्मी से राहत पाने के लिए घर पर बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ, आम का पना आदि का प्रयोग करें। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, थकान व बीमार जैसा महसूस होने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाएं।

# गोकर्ण वार्ड में लगे 10 हैंडपंप में से आठ खराब



खराब पड़ा इंडिया मार्का हैंडपंप।

▸▸ स्वच्छ पेयजल के लिये तरस रहे वार्डवासी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** नगर के गोकर्ण वार्ड नंबर-19 में लगे 10 इंडिया मार्का हैंडपंप में आठ हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे वार्डवासी स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। लोगों ने शीघ्र हैंडपंप सही कराए जाने की मांग की हैं।

नगर के वार्ड 19 में मोहल्ला तीर्थ संकरी गलियों और घनी आबादी वाला वार्ड है। वार्ड में कई जगह नालियां टूटी है, जिसमें फंसकर राहगीर, बाइक सवारों के गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। यह वार्ड रोडवेज बस स्टॉप, और रेलवे स्टेशन के पास बसा है। पौराणिक शिव मंदिर इसी वार्ड में है। इसलिए इस वार्ड का अपना विशेष महत्व है। नगर के साथ ही दूर दराज से आने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं को पेयजल आपूर्ति के लिए दिक्कत न हो इसके लिए 10 इंडिया मार्का हैंडपंप इस वार्ड में लगाए गए थे। भीषण गर्मी में आठ हैंडपंप खराब हैं, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही हैं। उन्होंने शीघ्र ही हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है।

**वार्ड नं. 19 की स्थिति**

| | |
|---|---|
| कुल आबादी | 3005 |
| कुल मतदाता | 2300 |
| कुल हैंडपंप | 10 |
| खराब हैंडपंप | 8 |
| सफाईकर्मी | 10 |
| सफाई कर्मियों की कमी | 5 |

"हैंडपंप खराब होने की सूचना नगर पालिका के जलकल विभाग में दे दी गई है। पर किसी ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। वार्ड की समुचित सफाई के लिए पांच सफाई कर्मियों की मांग की गई है। वार्ड में 10 सफाई कर्मी तैनात हैं, जिसमें आधे से अधिक मंदिर परिसर की सफाई में लगे रहते हैं। जिससे वार्ड की समुचित सफाई नहीं हो पाती है। टूटी हुई नालियों को भी शीघ्र ही सही कराया जाए।

–राजेश अवस्थी, सभासद

# चार घरों के तोड़े ताले, ले गए नकदी और लाखों के जेवर

## लगातार चोरियों से दहशत में लोग, नहीं चल रहा पुलिस का जोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में लगातार चोरियों से लोगों में दहशत व्याप्त है। गांव खानपुर गुरैला के दो घरों में हुई चोरी की घटना को हफ्ताभर भी नहीं हो पाया था कि शनिवार की रात चोरों ने ओयल देहात के गांव पहाड़ खां पुरवा के चार घरों में धावा बोल दिया। चोर नकदी समेत करीब पांच लाख के जेवर चोरी ले गए। लगातार चोरियों से लोगों का विश्वास पुलिस से उठ रहा है।

गांव पहाड़ खां पुरवा निवासी वारिस अंसारी ने बताया कि वह परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात में चोर घर में घुस आए। दूसरी मंजिल पर बने कमरे बने कमरे का लॉक तोड़ कर अंदर घुसे और रखी लोहे की अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। उसमें रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र, पायल, बिछिया चोरी कर ली। नीचे कमरे का कुंडा तोड़कर कीमती सामान लेकर मुख्य दरवाजे से भाग निकले। सुबह करीब तीन बजे नमाज के समय सो कर उठे और नीचे आए तो देखा दरवाजा टूटा था। सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोरों ने पड़ोसी उस्मान के घर को निशाना बनाया और ताला तोड़कर झुमकी, बुंदे, नथुनी, मंगल सूत्र, दो जोड़ी पायल व 25 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। उस्मान ने बताया कि परिवार के सभी लोग छत पर सो रहे थे। सीढ़ी के सहारे गांव के ही मोईन के मकान में घुसे चोर 20 हजार की नगदी समेत करीब एक लाख के जेवर चोरी कर ले गए। चोरों ने गांव के ही परवेज के घर घुसे चोर 50 हजार की नगदी और करीब दो लाख के जेवर चोरी कर ले गए। एक ही रात चार घरों में चोरी की जानकारी होते ही समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों में चोरों की दहशत व्याप्त हो गई। सूचना पर पहुंची यूपी 112 और चौकी पुलिस ने जांच की। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।



सीढ़ी लगाकर घर में घुसे चोर। अमृत विचार

▸▸ दो घरों में सीढ़ी लगाकर घुसे थे चोर

### डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने की जांच

एक ही रात पांच घरों की सूचना मिलने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने जानकारी होने पर फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर भेजा। डॉगी फोरबिल घरों के आसपास ही कुछ दूरी तक मंडराती रही। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने दीवारों और बक्सों आदि पर मिले निशानों के नमूने लिए हैं।



कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

"चार घरों में चोरी की सूचना मिली थी। पुलिस को मौके पर भेजा गया था। तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

–अजीत कुमार, थानाध्यक्ष खीरी

# रोडवेज बस में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, खमरिया

**अमृत विचार:** लखनऊ से वापस अपने घर थाना व कस्बा खमरिया वापस आ रहे एक युवक की रोडवेज बस में संदिग्ध हालत में मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



अनमोल

कस्बा खमरिया पंडित निवासी निवासी हरिशंकर गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र अनमोल गुप्ता लखनऊ से घर के लिए वापस आ रहा था। लखीमपुर से रोडवेज बस पर सवार होकर खमरिया पहुंचने से पहले ही अनमोल की हालत बिगड़ गई। अनमोल की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए और अनमोल को बस से उतारकर बेहोशी की हालत में आनन फानन में अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की संदिग्ध मौत की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया मनबोध तिवारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### वनाधिकारी से मारपीट मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लालपुर बैरियर के निकट उप प्रभागीय वनाधिकारी की पिटाई के मामले में पुलिस ने उनके चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन के चालक संतोष कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि तीन अज्ञात युवक बाइक से आए और सरकारी जीप में पीछे से टक्कर मारी। विरोध करने पर जानलेवा हमला किया। उप प्रभागीय वनाधिकारी के साथ मारपीट की।

# बथुआ जंगल में खैर की हो रही अंधाधुध कटान

## वन क्षेत्राधिकारी ने छापा मारकर बरामद की कीमती लकड़ी, किया मौका मुआयना

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार :** बेलरायां वन रेंज के तहत दुधवा नेशनल पार्क और उसके बफरजोन में अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मुखबिर की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी ने बथुआ जंगल से काटकर नदी के किनारे डंप की गई खैर की लकड़ी के 20 बोटे बरामद किए हैं। जिसे उन्होंने अपने कब्जे में लिया है। लकड़ी बरामद होने के बाद वन चौकी के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उप प्रभागीय वनाधिकारी ने भी मौका मुआयना किया है।



नदी के किनारे डंप की गई खैर की लकड़ी।

दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की बेलरायां वन रेंज की चौकी महादेव के बथुआ जंगल से लकड़ कट्टों ने कीमती खैर की लकड़ी काट ली और उसे कुछ दूरी पर बह रही सरयू नदी के किनारे डंप कर दिया। किसी ने इसकी सूचना बेलरायां वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह को दी। सूचना पर टीम के साथ पहुंचे उप प्रभागीय वनाधिकारी ने छापा मारकर मौके से 20 बोटा खैर की लकड़ी बरामद की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने लकड़ी बरामद होने की जानकारी बफरजोन के एसडीओ मनोज तिवारी को दी। मौके पर पहुंचे एसडीओ ने मौका मुआयना किया है। लकड़ी बरामद होने के बाद स्थानीय वन बीट चौकी से लेकर वन रेंजर कार्यालय के कुछ कर्मचारियों में खलबली मच गई है। बेलरायां वन रेंज से जुड़े सूत्र बताते हैं कि यदि अफसर मामले की गहराई से जांच करें तो कई कर्मचारियों की गर्दन फंसेगी। बताया जाता है कि तस्कर बथुआ जंगल से बेशकीमती खैर की लकड़ी काटकर ट्रकों के जरिए चोरी-छुपे प्रदेश के कई जिलों को सप्लाई करते हैं। वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र चौधरी ने बताया की खैर की लकड़ी सरयू नदी के किनारे डंप की गई थी, जिसको कब्जे में लेकर वन अधिनियम के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर समेत पांच गिरफ्तार

## नेपाल भागने की फिराक में थे सभी आरोपी



गौरी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** थाना व कस्बा फूलबेहड़ में हुए गौरी हत्याकांड में पुलिस ने मृतका के हत्यारोपी चाचा, उसके पुत्र, पत्नी, पुत्री और हिस्ट्रीशीटर साथी को दउदापुर से गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को सभी आरोपियों का पुलिस ने चालान भेजा है।

कस्बा फूलबेहड़ निवासी गुड्डू रस्तोगी की पुत्री गौरी (18) की गुरुवार की रात संदिग्ध हालत में जिला अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि युवती के चाचा राजेश ने शातिर अपराधी नरहर निवासी कमाल, अपने पुत्र अंकित, पुत्री कीर्ति, पत्नी कुशुमा के साथ साथ मिलकर उसकी बेटी की पिटाई की, जिससे आई चोटों के कारण पुत्री गौरी की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार वालों के हंगामा करने और सड़क जाम करने पर आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिवार वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर फिर भड़क गए थे और शव का अंतिम संस्कार रोक दिया था। परिवार वालों का कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती। तब तक वह शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इससे पुलिस के हाथ पाव फूल गए थे। मौके पर पहुंचे सीओ पीपी सिंह ने काफी मान मनौव्वल की थी और आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने के आश्वासन दिया था। इस पर परिवार के लोग माने थे और करीब पांच घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार किया था। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई थीं। पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को दाउदपुर से गिरफ्तार कर लिया था। सभी आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे।

### हिस्ट्रीशीटर कमाल पर दर्ज हैं कई गंभीर मामले

प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ आलोक धीमान ने बताया कि हत्यारोपी कमाल शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहला लूट, धोखाधड़ी, मारपीट, हत्या, गैंगस्टर एक्ट समेत पांच मामले थाना फूलबेहड़ में दर्ज हैं। वर्ष 2020 में उसके खिलाफ सदर कोतवाली में जानलेवा हमला, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

# उधारी मांगने पर हमला कर किया घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** एक युवक को उधारी का अपना रुपया मांगना महंगा पड़ गया। बकायेदार ने युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला मुंन्नूगंज निवासी नूर मोहम्मद पुत्र सज्जाद अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे वह नमाज पढ़कर मस्जिद के बाहर खड़ा था। इसी दौरान सलमान पुत्र हाजी फिदा हुसैन ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे उसके चोटें आई हैं। फिदा हुसैन ने छह साल पूर्व एक लाख 65 हजार रुपए लिए थे कई बार तगादा करने के बाद भी पैसे वापस नहीं किया। शनिवार की सुबह तकादा करने पर धमकी दी थी।

# परिचालक से लूट का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ पुलिस ने युवक से बरामद की इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन, टिकट, बैग व नकदी

**अमृत विचार :** लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस के परिचालक के साथ मारपीट कर टिकट मशीन और बैग छीनने के आरोपी में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटी गई इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन, टिकट, बैग और नकदी भी बरामद हुई है।



लूट का आरोपी

ब्लॉक नकहा के गांव अशोगापुर निवासी बस परिचालक लव निर्मल सिंह ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार को अनुबंधित बस संख्या यूपी 31 बीटी-1383 पर ड्यूटी कर लखीमपुर से गोला आ रहा था। लखीमपुर में राजापुर मंडी के पास दो लोग तीन आम की बोरियों के साथ बस में सवार हो गए। बोरियों में मक्खियां लग रही थीं, जिसका यात्रियों ने विरोध किया। इस पर बोरियों को दोनों युवकों सहित एलआरपी चौराहे पर उतार दिया। परिचालक ने बताया कि बस के गोला नानक पुलिस चौकी क्षेत्र में सिनेमा रोड पर गौरी बैंक्वेट हाल के पास पहुंचते ही दो युवक बस में सवार होकर मेरे भाई को क्यों मारा कहते हुए विवाद करने लगे। इस दौरान दोनो युवक बैग लेकर फरार हो गए, जिसमें टिकट मशीन, बे-विल, 5400 रुपये व टिकट आदि थे। पुलिस ने तहरीर मिलने पर दो अज्ञात के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें घटना कैद मिली। पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर लखीमपुर रोड कोटवारा मोड़ के पास से एक युवक को बस से लूटी गई इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन, टिकट, बैग और उसके पास से 1900 रुपए नकद बरामद कर चालान भेज दिया है। गिरफ्तार युवक ने अपना नाम कृष्णा गुप्ता मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी होना बताया है। वहीं इस मामले में दूसरे आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम की दबिश जारी है।

**योजना** मास्टर ट्रेनर बनेंगे राजकीय एवं सहायता प्राप्त स्कूल के शिक्षक

# कमजोर छात्रों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित होंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अन्य शिक्षकों को बताएंगे बेहतर पढ़ाने का तरीका

**अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कमजोर छात्र छात्राओं को विशेष शिक्षक पढ़ाएंगे। इसके लिए राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने विशेष योजना तैयार करते हुए डीआईओएस और डायट प्राचार्य से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मुख्य विषयों के शिक्षकों के नाम मांगे हैं। इन्हें मंडलीय मास्टर ट्रेनर बनाया जायगा। इसके बाद यह जिलो में जाकर अन्य शिक्षकों को कमजोर छात्र छात्राओं को बेहतर तरीके से पढ़ाने का तरीका सिखाएंगे।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कमजोर छात्र छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें विशेष तरीके से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसकी कार्ययोजना तैयार कर जिले से मुख्य विषयों के शिक्षकों के नाम मांगे हैं। इन शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर बनाकर कमज़ोर विद्यार्थियों को पढ़ाने की ट्रिक बताई और सिखाई जाएगी, जिससे छात्र छात्राओं को मुख्य विषयों में होने वाली कठिनाईयों को दूर किया जा सके। इसके लिए डीआईओएस और डायट प्राचार्य से राजकीय स्कूलों से लेकर डायट से शिक्षकों के नाम भेजने के लिए कहा गया है। हर विषय के चयनित दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाकर पांच दिवसीय उपचारात्मक शिक्षण के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद यह शिक्षक जिलों में जाकर अन्य शिक्षकों को बेहतर तरीके से पठन पाठन का तरीका बताएंगे, जिससे कमजोर छात्र छात्राओं की विषयों पर पकड़ मजबूत बन सके।



"शासन से प्रस्तावित उपचारात्मक शिक्षण की यह रणनीति राजकीय एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले कमजोर छात्रों में मुख्य विषयों की समझ के स्तर को मजबूत करेगी। इससे कमजोर छात्र छात्राओं की मुख्य विषयों में कमजोरी दूर होगी, जिससे बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी व्यापक उन्नयन होगा।

–डॉ. दिनेश कुमार जायसवाल, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल

### इन विषयों के शिक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग

- ▸▸ **हाईस्कूल**– हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान
- ▸▸ **इंटरमीडिएट**– हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक, रसायन विज्ञान एवं गणित

## सार-संक्षेप

### खाटू श्याम के दर्शन को मैलानी से श्रद्धालु रवाना

**मैलानी, अमृत विचार :** बाबा खाटू श्याम के दर्शन के लिए मैलानी नगर से काफी श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ है। मैलानी नगर से शनिवार देर रात श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के जयकारे लगाते हुए दर्शन करने के लिए रवाना हुए। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी रूपराम राठौर ने अपने प्रतिष्ठान पर सभी श्रद्धालुओं को जलपान कराकर उनकी मांगलिक यात्रा हेतु बाबा श्याम से विनती की। विनोद कुमार, विशाल राठौर, ललित कुमार राठौर, सतीश गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, हरिकिशोर गुप्ता, कौशल राठौर, गोपाल सिंघल, राजा भैया सहित तमाम महिलाएं, बच्चे मौजूद रहे।

### नेकी की दीवार संस्था को सौंपा एक लाख का चेक

**कुकरा, अमृत विचार :** नेकी की दीवार संस्था ने जनहित के कार्यां को लेकर लोगों की मदद को अभियान चला रही है। अभियान में पौधारोपण को भी शामिल किया गया है। पूरनपुर से सपा के पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण सक्सेना के पुत्र रजत सक्सेना ने संस्था को पौधरोपण कराने के लिए एक लाख रुपये का चेक दिया है। संस्था की नगर में स्थापना करने वाले गुरमेल सिंह ने बताया कि छोटे से कस्बे में शुरू हुई संस्था कई बड़े शहरों तक पहुंचकर लोगों की मदद में जुटी है। उन्होंने बताया कि नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से भी प्रसाद के साथ पौधे वितरित हों, यह कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि संस्था के सह संस्थापक कपिल कक्कड़ ने चेक को प्राप्त किया है। इस धनराशि से जनपद के तमाम स्थानों पर पौधरोपण कराया जाएगा।



नेकी की दीवार संस्था को चेक सौंपते पूर्व विधायक के पुत्र।



लखहा गुरुद्वारा पर चना व शर्बत का प्रसाद वितरित करते लोग। अमृत विचार

### शर्बत व चने का प्रसाद किया वितरित

**पिपरिया धनी, अमृत विचार :** रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी हाईवे रोड पर लखहा गुरुद्वारे में मीठे शर्बत का शिविर लगाकर राहगीरों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। संत बाबा तारा सिंह, कार सेवा सर हाली साहिब चरण सेवक, संत बाबा होला सिंह, जत्थेदार संत बाबा गुरनाम सिंह महंगापुर वाले तथा समूह जत्थेदार और समूह संग संगत के सहयोग से गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। आने जाने वाले राहगीरों को रोककर शर्बत, चने का प्रसाद वितरित किया, जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में लखहा गुरुद्वारा के सेवादार लगे रहे।

## एक नजर

### दुधवा के गाइड फहीम खान हुए सम्मानित



**पलियाकलां, अमृत विचार।** वन्यजीवों का बेहतर ढंग से सर्वे कार्य करने पर दुधवा नेशनल पार्क के गाइड फहीम खान को मध्य प्रदेश के कान्हा नेशनल पार्क में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दुधवा नेशनल पार्क के गाइड फहीम खान कान्हा नेशनल पार्क में पक्षी एवं वन्य जीव सर्वे में शामिल हुए थे। जहां उन्होंने बेहतर ढंग से विभिन्न पशु- पक्षियों का सर्वे किया। उनके इस कार्य से प्रसन्न होकर कान्हा नेशनल पार्क के एफडी एसके सिंह ने फहीम खान को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया।

### आरिफ खान की गजलों का आकाशवाणी पर प्रसारण

**कुकरा, अमृत विचार :** कसबा के शायर आरिफ़ कुकरावी की ग़ज़लों का सीधा प्रसारण आकाशवाणी पर 20 जून को सुबह 9 .30 बजे होगा, जिसकी रिकॉर्डिंग आकाशवाणी केंद्र लखनऊ पर 13 जून को मुकम्मल हो चुकी है। आरिफ खान की गजलों का 20 जून को प्रसारण होने की जानकारी होने पर कस्बा कुकरा, संसारपुर, गोला, बांकेगंज, मोहम्मदी, लखीमपुर, धौरहरा, भीरा, पलिया, मैलानी, खीरी के शायरां में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

### ग्राम प्रधान ने शुरू कराई सरायन नदी की सफाई

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सरायन नदी में कचरा भरा होने से बरसात के मौसम में नदी का पानी ओवर फ्लो होकर पड़ोस के मोहल्लों में भरता रहा है। गोला देहात के ग्राम प्रधान ने इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए सरायन नदी की जेसीबी से सफाई कराना शुरू कर दिया है। बरसात के मौसम में सरायन नदी का पानी ओवरफ्लो होकर सर्वोदय नगर, मथुरा नगर, वीरेंद्र नगर कालोनी, अर्जुन नगर कालोनी में भर जाता रहा है। जिससे लोगों को कठिनाइयां होती थीं। गोला देहात के ग्राम प्रधान राजेश गिरि एडवोकेट ने इस समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए सरायन नदी की जेसीबी से सफाई कराना शुरू कर दिया है। ताकि बरसात में सरायन नदी का गंदा केमिकल युक्त पानी कालोनियां में न भर सके।

### पुलिसकर्मी कर रहे योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को है। इसको लेकर पुलिस लाइन मैदान में कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। इससे पहले पुलिस कर्मियों को योग शिविर में प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। उधर, सामाजिक संगठन भी महिलाओं को योग का अभ्यास करवा रहे हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार ने बताया कि योग सप्ताह के तहत पुलिस लाइन में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास कराकर आयुष कवच पर फोटो अपलोड करने के बारे में भी बताया जा रहा है। योग सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ मंगलवार को रन फॉर योग और बुधवार को योग जागरूकता बाइक रैली निकाली जाएगी।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों व सरोवरों में स्नान कर दिया दान, शिव मंदिर में किया जलाभिषेक व पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पलिया में शारदा नदी तट पर लगा मेला। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रविवार को जिले भर में गंगा दशहरा का पर्व मनाया गया। भक्तों ने इस अवसर पर शारदा, गोमती आदि नदियों में आस्था की डुबकी लगाकर गरीबों में दान दिया। इस पवित्र अवसर पर शहर से लेकर जिले भर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। संकटा देवी मंदिर पहुंचकर भक्तों ने विधि विधान से मां संकटा के दर्शन कर पूजन किया। वहीं शहर में भक्तों ने राहगीरों के लिए भंडारा और शर्बत वितरण का आयोजन किया।

वहीं श्रद्धालुओं ने पौराणिक शिव मंदिर में देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व गोकर्ण तीर्थ में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया।

छोटी कशी के पौराणिक शिव मंदिर में रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर सुबह भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए गोकर्ण तीर्थ में श्रद्धा की डुबकी लगाई। भोलेनाथ का गंगाजल, दूध, दही से स्नान कराकर फल, फूल, माला, बेलपत्र, घी, शहद चढ़ाकर श्रद्धालुओं ने पूजन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन-पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। गोकर्ण तीर्थ में श्रद्धालुओं ने स्नानादि कर भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजन अर्चन कर भगवान सत्यनारायण की कथा सुन दान पुण्य किया। गंगा दशहरा के कारण नीलकंठ मैदान में भक्तों की भीड़ दिन भर बनी रही। नगर में राहगीरों और शिव भक्तों को सिनेमा रोड, पीडब्ल्यूडी, त्रिलोक गिरि मंदिर के पास सहित नगर के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शर्बत, ठंडा पानी पिलाया। ग्रामीण क्षेत्र की कठिना और गोमती नदियों के घाटों पर मेले लगे। श्रद्धालुओं ने नदियों में स्नान कर घाट के निकट बने मंदिर में पूजन अर्चन कर मेले में लगी दुकानों से आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की।

### शारदा तट पर लगा मेला

**पलिया कलां :** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने शारदा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद विधि विधान से पूजन कर दान किया। इस शुभ अवसर पर शारदा नदी तट पर मेला लगा। श्रद्धालुओं ने मेले में खान पान से लेकर बच्चों के खिलौने और पूजा सामग्री व प्रसाद खरीदा। तमाम भक्तों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी।

# रोडवेज बस की चोरी मामले में जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ चालक-परिचालक को केंद्र प्रभारी ने किया रूट ऑफ

**अमृत विचार :** परिवहन निगम के बस स्टेशन मोहम्मदी से शुक्रवार आधी रात के बाद निगम की बस गायब होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। वह भी बिना टीम गठित किए। वहीं गोला डिपो के केंद्र प्रभारी ने चालक परिचालक को रूट ऑफ कर संबंधित सभी को बयान दर्ज कराने के लिए गोला डिपो पर तलब किया है।

गोला डिपो की बस संख्या यूपी 30 टी 9989 मोहम्मदी रात रूककर अगले दिन पसगवां होकर लखनऊ तक जाती है। शुक्रवार रात करीब 09:30 बजे बस मोहम्मदी बस अड्डा पहुंची और आधी रात के बाद बस मोहम्मदी बस स्टेशन से गायब हो गई। अगली सुबह छह बजे बस अड्डा पहुंचे संविदा चालक अमित कुमार सिंह और परिचालक आरिफ खां बस अड्डे पर बस न मिलने से सकते में आ गए। दोनो ने इसकी सूचना मोहम्मदी बस अड्डा प्रभारी मुख्तार अहमद और गोला डिपो के केंद्र प्रभारी कमलेश कुमार वर्मा को दी। मौजूद चौकीदार रामासरे भी कुछ न बता सका। हालांकि बस शाहजहांपुर डिपो के वर्कशॉप के सामने लावारिस हालत में खड़ी मिली, जिसे गोला डिपो मंगवा लिया गया है। बस गायब होने के मामले में चालक परिचालक को दोषी मानते हुए केंद्र प्रभारी ने दोनों को रूट ऑफ कर दिया है।

# फायरिंग व पथराव मामले में 20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## 5 नामजद, 15 अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**मोहल्ला पटेलनगर में हुए बवाल का मामला**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पटेलनगर में घरों की बिजली काटकर टूर्नामेंट के लिए लाइट जोड़ने को लेकर हुए हुए पथराव व फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीसरे दिन पांच लोगों के नामजद व 15 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खीरी के गांव फतेहचंदपुरवा मजरा बस्तौली निवासी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि 13 जून की देर शाम करीब 8 बजे वह मोहल्ला पटेल नगर में अपने मित्र हरीश चौरसिया के घर पर बैठे थे। तभी महाराज नगर क्रिकेट क्लब के 10-15 अज्ञात युवक आए और कई व्यक्तियों के जबरिया कनेक्शन काटकर फन मॉल के पीछे चल रहे नाइट टूर्नामेंट की लाइट जोड़ रहे थे। उन्होंने, उनके मित्र और मोहल्ले को लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी गालियां देते हुए धमकाने लगे कि यदि कनेक्शन नहीं जोड़ने दोगे तो हम लोग तुम लोगों से अभी निपट लेंगे। वाद-विवाद हो ही रहा था कि इसी बीच आदिल पुत्र इजहार खान, मोहम्मद आरिफ पुत्र नबी हुसैन, सलमान पुत्र रोज अली, रिजवान उर्फ गोलू पुत्र शाहिद अली, रिजवान पुत्र मुन्ना अली निवासी मोहल्ला महराज असलहे लेकर आ गए। आरोप है कि आदिल व आरिफ ने अपने साथियों के उकसाने पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। हालांकि वह बाल-बाल बच गए। तभी फायर की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए और विरोध किया तो आरोपियों ने पथराव शुरू कर दिया। मौके पर पुलिस को आते देख आरोपी भाग निकले। पुलिस ने मौके से दो बाइक भी बरामद की थीं। शहर कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### लांबानगर में मकान से लाखों की चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला लांबानगर में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़ दिया और 15 हजार रुपये की नकदी समेत ढाई लाख के जेवर चुरा ले गए हैं। तहरीर पुलिस को दी गई है।

लम्बानगर निवासी पवन कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह मकान में ताला बंद कर परिवार सहित अपनी ससुराल रुद्रपुर गए थे। रविवार को जब वापस लौट तो घर के मेन दरवाजे का ताला टूटा था, जिससे वह परेशान हो गए। अन्दर जाकर देखा तो अलमारी का लाकर टूटा मिला। चोर उनके घर से 15 हजार रुपए नकद, सोने की चार चूड़ी, झुमकी, पांच जोड़े टाप्स, अंगूठी, चांदी के 20 सिक्के, चांदी की कटोरी समेत जेवर और अन्य सामान चुरा ले गए हैं। मकान मालिक ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है।

# खोदी गई सड़क के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी

संवाददाता, मैलानी



डालपुर में पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क।

**अमृत विचारः** विकासखंड बांकेगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत में पाइप लाइन का विकास कार्य किया जा रहा है। पाइपलाइन कार्य के दौरान पीडब्ल्यूडी की सड़कों को जल निगम विभाग के द्वारा खोदा गया है, जिसे समतल न किए जाने पर ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

डालपुर ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार ने बताया कि पंचायत के कई गांवों में रोड को खोदकर जल निगम विभाग द्वारा पाइप डालने का कार्य किया जा रहा, लेकिन पाइप डालने के बाद रोड का समतली करण नहीं किया जा रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई जगह लीकेज होने से रोड पर पानी भर जाता है, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कते होती हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने कई बार जल निगम विभाग को शिकायती पत्र देकर रोड सही कराने की मांग की, लेकिन विभाग सिर्फ यह कहकर टाल देता है कि जल्द ही खुदी हुई रोड को ठीक करा दिया जायेगा।

पीडब्ल्यूडी जेई का कहना है कि मैलानी क्षेत्र की कई पंचायतों में पीडब्ल्यूडी की रोड को जल निगम विभाग की तरफ से खोदा गया। लेकिन मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। जल निगम एक्शियन ने बताया कि कहीं भी रोड को खोदकर बिना समतलीकरण किए नहीं छोड़ा जाता है।

### गन्ना भुगतान के लिए सत्याग्रह करेंगे किसान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की लोकसभा चुनाव के बाद सहकारी गन्ना विकास समिति के परिसर में एक बैठक हुई, जिसमें गन्ना भुगतान के लिए जिले की चीनी मिलों पर अलग-अलग तिथियों में सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम वर्मा ने की। जिसमें बजाज ग्रुप की चीनी मिलों गोला, खम्भारखेड़ा, पलिया कलां, सम्पूर्णांनगर और ऐरा की गोविन्द शुगर मिल के किसानों के बकाया गन्ना भुगतान, अन्य समस्याओं पर चर्चा कर बकाया गन्ना भुगतान को अति शीघ्र न किये जाने पर पांच जुलाई को बैठक कर प्रत्येक चीनी मिल में अलग-अलग सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राहुल वर्मा, शारदा प्रसाद गौतम, राजीव वर्मा, परमेश्वरदीन वर्मा, राजेश कुमार, श्याम किशोर, जयसिंह यादव, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती से परेशान व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, संसारपुर



संसारपुर कस्बे में लगे ट्रांसफार्मर के पास प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज द्वारा लगातार चौथे दिन बिजली के तार बदलने के नाम पर पूरे दिन बिजली कटौती का खेल खेला गया। इस भीषण गर्मी में रात हो या दिन अंधाधुंध बिजली कटौती से नाराज संसारपुर कस्बे के तमाम व्यापारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर कटौती रोके जाने की मांग की है।

संसारपुर बांकेगंज के बीच बिजली की नई हाईटेंशन लाइन में विद्युत विभाग द्वारा तार बदलने का कार्य किया जा रहा है। भीषण गर्मी में जहां तापमान 49 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं संसारपुर कस्बे से लेकर लगभग 90 गांवों की बिजली सप्लाई सुबह आठ बजे से शाम सात बजे प्रतिदिन काट दी जा रही है। कस्बे के व्यापारियों को दुकान में बैठना भारी पड़ रहा है। कस्बे की कई दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी बिना बिजली शो-पीस बनकर रह गए हैं। शरीर झुलसा देने वाली गर्मी में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बिना बिजली दुकानों पर बैठना भी चुनौती बना हुआ है। भीषण गर्मी में दिन भर बिजली न आने से कस्बे के व्यापारियों का ग़ुस्सा बिजली विभाग पर फूट पड़ा। व्यापारियों ने हाइवे पर लगे बिजली ट्रांसफार्मर के पास एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से दिन में बिजली आपूर्ति देने की मांग की है।

प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों में पवन पटेल, योगेश वर्मा, उत्तम मौर्या, संतोष राजपूत, पंकज राजपूत, मुकेश राजपूत, अजाउद्दीन अंसारी, गुड्डू अंसारी, साहब अली, रामसिंह राठौर, शक्ति कपूर, अव्वल अली, आदेश मिश्रा, दिनेश राजपूत आदि शामिल रहे।

> संसारपुर के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली समस्या को देखते हुए नई लाइन के तार डालने का कार्य जारी है। बारिश के मौसम में तार बदलने का कार्य नहीं हो पायेगा, जिससे बरसात में फाल्ट ज्यादा होने की सम्भावना है। फिर भी व्यापारियों की समस्या को देखते हुए अगले दो दिन बिजली कटौती नहीं की जायेगी।
> **–नीलाक्ष मनोष, एसडीओ, बांकेगंज**

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं **सत्येंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ** मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रिंकू कुमार के गलत संगत के चलते उसका चालो चालान खराब हो गया है जिससे मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं भविष्य में रिंकू कुमार द्वारा किए गए कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा । **– राकेश कुमार पुत्र स्व लक्ष्मण निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना व परगना देवा बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मयंक कुमार सिंह का चाल–चलन ठीक नहीं हैं। वह मेरे परिवार से अलग निवास करता है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। मैंने उसे अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **–पुष्पेन्द्र सिहं ग्राम– लालपुर शिवराजपुर थाना – शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

मैं **नीतू निगम, पत्नी राजीव मोहन सक्सेना, निवासिनी – 148/62–ए, दुगांवा, राजेन्द्र नगर, थाना नाका, जिला लखनऊ,** मेरा अमीनाबाद पोस्ट आफिस, अमीनाबाद पार्क शाखा लखनऊ में नीतू के नाम से बचत खाता सं0– 10032365832 है । समस्त शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम नीतू निगम दर्ज है। मेरे उपरोक्त खाता संख्या पर मेरा नाम नीतू के स्थान पर नीतू निगम दर्ज किया जाय। यहकि नीतू एवम् नीतू निगम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा नीतू को नीतू निगम से ही जाना व पहचाना जाता है ।

### वसूली एजेंट ने कंपनी के साढ़े चार लाख हड़पे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** एक फाइनेंस कंपनी के वसूली एजेंट ने 15 ग्राहकों से वसूला गया 4,47,581 रुपये हड़प लिया।

सदर कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर कंपनी के क्षेत्रीय वसूली अधिकारी की तरफ से खुटार (शाहजहांपुर) निवासी वसूली एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी व अमानत में खयानत की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग लिमिट के क्षेत्रीय वसूली अधिकारी योगेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि उनकी शाखा गोला रोड पर संचालित हैं। उनकी कंपनी अपने आवेदकों को ऋण देती है। जिसकी वसूली अपने एजेंटों के माध्यम से करती है। लखीमपुर क्षेत्र में ऋण वसूली का कार्य शाहजहांपुर के थाना खुटार के गांव मंदनपुर निवासी एफएलसी अभिमन्यु शर्मा कर रहे थे। 20 नवंबर 2023 से 23 नवंबर 2023 के बीच अभिमन्यु शर्मा ने 15 ग्राहकों से ऋण की किस्तों का 4,47,581 वसूल लिया और उसे कंपनी में जमा नहीं किया और हड़प लिया। सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इस पर वह एसपी से मिले। एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### शारदा नहर में मिला महिला का शव

**उचौलिया-खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र में शारदा नहर के एकधरा पुल की झाल में उलझा हुआ एक अर्धनग्न महिला का क्षत विक्षत शव मिला है। महिला की आयु लगभग 32 वर्ष की है। पुलिस ने महिला का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि महिला नारंगी रंग का गोटेदार ब्लाउज पहने हैं। उसके एक एक हाथ में हरिओम और दूसरे हाथ से राजू गुदा है। शव चार पांच दिन पुराना लग रहा है। चोट का कोई निशान नहीं मालूम पड़ रहा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण का पता चल सकेगा।

### खीरी के तीन शिक्षकों को मिला अनमोल रत्न सम्मान



कुशीनगर में सम्मानित किए गए शिक्षक।

**बिजुआ, अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शिक्षण संवाद कुशीनगर टीम द्वारा मंजू सिंह के नेतृत्व में पीएन नेशनल स्कूल में समारोहपूर्वक शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़ विधायक पड़रौना मनीष जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से की गई। कार्यशाला में प्रदेश के कई जनपदों से आये हुए उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयासों का प्रस्तुतिकरण किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर रामजियावन मौर्य, विमल कुमार संस्थापक मिशन शिक्षण संवाद द्वारा जनपद खीरी के तीन अनमोल रत्न उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर देहात की सहायक शिक्षक पूर्णिमा मिश्रा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा बिजुआ के इंचार्ज प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र शुक्ल और उच्च प्राथमिक विद्यालय ढखेरवा खालसा निघासन के सहायक अध्यापक, मिशन शिक्षण संवाद के जनपद एडमिन वैभव पांडे को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**ईद-उल-अजहा** | बाजार में बकरों की खरीदारी के लिए पहुंचते रहे लोग

# कुर्बानी के लिए 14,500 रुपये में बिका बकरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



मोहल्ला थरवरनगंज की मंडी में बिकते बकरे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बकरीद सोमवार यानी आज मनाई जाएगी। त्योहार को लेकर बाजार गुलजार हैं। बकरीद के दिन सुबह ईदगाहों से लेकर मस्जिदों में नमाज अदा कराई जाएगी। त्योहार पर बनने वाले पकवानों को लेकर मुस्लिम परिवारों में तैयारियां जोरों पर रहीं। बकरीद पर कुर्बानी देने के लिए रविवार की सुबह से ही लोगों ने बकरा मंडी पहुंचना शुरू कर दिया। थरवरनगंज की बकरा मंडी में पांच हजार से लेकर 35 हजार तक के बकरे मौजूद रहे। उधर, बकरीद पर नमाज अदा करने के इंतजाम रविवार रात तक होते रहे।

शहर के मोहल्ला थरवरनगंज में रविवार को बकरा मंडी लगी। इसमें गांवों के पशु पालक बकरों को लेकर पहुंचे। कुर्बानी को लेकर बकरीद से एक दिन पहले बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। बाजार में कुर्बानी के लिए पांच हजार से कम की कीमत का कोई बकरा नहीं है। 35 हजार रुपये तक का बकरा बाजार में मौजूद हैं। खीरी निवासी सलमान ने बताया कि कुर्बानी के लिए 14500 रुपये का बकरा खरीदा है। बकरीद पर कुर्बानी देने के लिए अधिकतर लोगों ने बकरा और कुछ लोगों ने पड्डा यानि भैंस का बच्चा खरीदा। ईद उल अजहा को लेकर बकरा मंडी में शाम तक खरीदारों की आवाजाही होती रही।

### नमाज का समय व स्थल

- ▸▸ प्रात : 7 बजे – कचहरी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, बरकाती मस्जिद नौरंगाबाद, मस्जिद बिलाल हिदायत नगर, छाउछ पुरानी मस्जिद।
- ▸▸ प्रात : 7 :15– ईदगाह नौरंगाबाद
- ▸▸ प्रात : 7 :30– गौसिया मस्जिद महाराज नगर, मस्जिद गरीब नवाज इस्लामनगर
- ▸▸ प्रात : 8 बजे– मस्जिद महाराज नगर, मस्जिद हाथीपुर कोठार, मस्जिद शमशेरनगर
- ▸▸ प्रात : 8 :30– मस्जिद ईदगाह, मदीना मस्जिद हिदायत नगर, मस्जिद हुदा हिदायत नगर, अजमेदी मस्जिद हाथीपुर
- ▸▸ प्रात : 8 :45– मस्जिद मिनारा, मस्जिद कादरी गुलजार नगर, रफाकती मस्जिद हिदायतनगर
- ▸▸ प्रात : 9 बजे– मस्जिद गुलजार नगर, हुसैनी मस्जिद हिदायतननगर
- ▸▸ प्रात : 9 :30– मस्जिद गोटैय्याबाग

### सुबह 7 से 9:30 बजे तक होगी बकरीद की नमाज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** ईद उल–अज़हा को लेकर नमाज का समय मुकर्रर हो गया है। गर्मी को देखते हुए नमाज सुबह सात से 09 :30 बजे तक होगी। अंजुमन इस्लामिया वक्फ लखीमपुर के सचिव रिजवान रशीद खान ने नमाज ईदगाह और मस्जिदों में ही पढ़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नमाज सडकों पर न पढ़े और कुर्बानी भी खुली जगह पर न करें। कुर्बानी के बाद रक्त आदि को नालियों में न बहाएं और पशु के अवशेषों को इधर– उधर न फेंके। जमीन में दफन कर दें, जिससे अन्य किसी की भावनाएं आहत न हो। उन्होंने बताया कि अंजुमन इस्लामिया वक्फ लखीमपुर की ओर से शहर की मस्जिद एवं ईदगाह में नमाज का समय मुकर्रर कर दिया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### मकान बंटवारे को लेकर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के बनी गांव में मकान बंटवारे को लेकर एक महिला को उसे दो जेठों ने लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है। बनी गांव निवासी रानी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मकान बंटवारे को लेकर उसके जेठ रामसेवक और मोती से विवाद हो गया। जिस पर रामसेवक और उसके बेटे अंकित, मोती ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पूर्व कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष का निधन पर शोक

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता के कुमार की पत्नी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमारी जायसवाल (83) का निधन हो गया। निधन पर नगर के तमाम गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### सांड़ के हमले से अधेड़ हुआ घायल

**औरास।** कस्बा औरास क्षेत्र के मोहल्ला अटल नगर निवासी राजेंद्र पुत्र स्व. रामजीवन गुप्ता सुबह उठकर घर के बाहर लघुशंका करने गया था। तभी पीछे से निकले सांड ने उस पर हमला कर उसे गिरा दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

### पंपिंग सेट चोरी करने वालों को पुलिस ने दबोचा

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अगाखेड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश ने 12 जून को कोतवाली में तहरीर दी थी कि उनके खेत से दो पंपिंग सेट चोरी हो गये हैं। अजगैन कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीती रात पुलिस ने सराय इंदल गांव के पास नर्सिंग बाबा मंदिर मोड़ से आटो पर लाद कर इंजन ले जा रहे प्रशांत पुत्र राजेश सिंह व रंजीत पुत्र प्रकाश लोध को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# नमाज की तैयारी पूरी, लोगों ने जमकर की खरीदारी

## प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण संपंन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया, पालिका ने मुस्लिम क्षेत्रों में कराई साफ-सफाई

**ईद-उल-अजहा**

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रशासन ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) शांतिपूर्ण संपंन कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। सुबह ईदगाहों व मस्जिदों में अलग-अलग तय समय पर बकरीद की नमाज अता की जाएगी। इसके बाद कुर्बानी का दौर शुरू होगा। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने खुले में कुर्बानी न किए जाने की हिदायद दी है।

**शुक्लागंज।** ईदगाह कॉलोनी, रहमत नगर मस्जिद, आदि में बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसके एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाई देंगे। इसके बाद कुर्बानी देने वाले घरों में खस्सी की कुर्बानी अल्लाह-तआला की राह में दी जाएगी। जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों सहित ईदगाहों में अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई जाएगी। वहीं इससे पूर्व ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर स्थानीय लोगों ने इत्र, टोपियां, रूमाल, सेवई, लच्छों की खरीदारी की।



बकरीद को लेकर बकरे खरीदते लोग। अमृत विचार



बकरे के साथ खेलता बच्चा।



जामा मस्जिद के पास साफ सफाई करते पालिका के सफाई कर्मी। अमृत विचार

### इस नमाज का होता है विशेष महत्व

नमाज के माध्यम से हर बंदा अल्लाह के प्रति अपने समर्पण और इबादत का इजहार करता है। बकरीद की विशेष नमाज के लिए नगर की जामा मस्जिद में काफी भीड़ रही। इस मौके पर हजारों की तादात में नमाजियों ने नमाज अदा की। सभी मुल्क की खुशहाली और अमन चैन के लिए परवर दिगार से दुआ मांगेंगे।

### बाजार में रही रौनक

बकरीद त्योहार को देखते हुए मुस्लिम महिलाओं ने रविवार को जम कर खरीददारी की। शाम के समय बाजारों में रौनक छाई रही। इसके साथ ही देर रात तक लोगों ने मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में खरीददारी करने वालों की भीड़ रही।

### नाली-नाले भी करवाए गए साफ

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को बकरीद का त्योहार देखते हुये एक दिन पहले पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मियों की फौज मुस्लिम क्षेत्रों में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कराने के साथ ही चूने का छिड़काव किया। रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सफाई कर्मी मनोहर नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, रहमत नगर, अहमद नगर, गोताखोर, मदनी नगर आदि मुस्लिम इलाकों में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने गलियों में झाडू लगाने के साथ ही नाला-नाली की साफ सफाई की। इसके साथ ही चूने का छिड़काव कराया गया। वहीं मुस्लिम क्षेत्रों में सुअर न घूमे, इसके लिये सुअर पालकों को भी निर्देशित किया।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, पांच घायल

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला कटरा निवासी लल्लन व फूलचंद्र के परिवार की महिलाओं में रविवार सुबह किसी बात को लेकर गालीगलौज होने लगी। मामला इतना अधिक बढ़ा कि दोनों पक्षों के करीब आधा-आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर वार करने लगे।

झगड़े में एक पक्ष के बउवा (40) पुत्र शिवराम व लल्लन के दो बेटे अजय (23) व मनोज (28) और दूसरे पक्ष के फूलचंद्र (35) पुत्र सुरेश व उसका बेटा अनूप (16) समेत पांच लोग गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फोरलेन, रेलवे ट्रैक के किनारे लगी आग

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। जिससे आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। इसी तरह सहजनी रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने दोनों स्थानों की आग बुझाई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

दोपहर करीब 12 बजे सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग की लपटें दूर तक फैल गई और झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। यह देख आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।



फोरलेन के किनारे लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

- **सरैयां सब स्टेशन के आगे किसी ने झाड़ियों में लगाई थी आग जो फैल गई**

इधर फायद कर्मी आग बुझा ही रहे थे, तभी सूचना मिली कि सहजनी रेलवे क्रासिंग के आगे नेहरू बाग के पास भी ट्रैक के किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। जिस पर वह दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां दमकल कर्मियों ने रेलवे कर्मियों की मदद से आग बुझाई। जिसके बाद रेल कर्मियों ने राहत की सांस ली।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 43 मरीज पहुंचे

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. रश्मि वर्मा, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 43 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार, सनबर्न के मरीज आए।



मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर।

## सार-संक्षेप

### हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार दोपहर पड़ोस के गांव के पास हत्या कर दी गई थी। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों को पकड़ने में लगी हुई थी। जहां पुलिस ने हत्यारोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार किया। जहां उनकी निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद किया। जिसके बाद दोनों पर कार्यवाही कर जेल भेजा है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस दबिशें दे रही है। बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। वहीं पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को मृतक के परिजनों ने पीएम हाउस में हंगामा काटने के बाद सड़क जाम किया था। इधर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी डॉ. रामफल प्रजापति ने कनिकामऊ मोड़ के पास से हत्यारोपी उद्दा खेड़ा निवासी राहुल और कमलेश को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनकी निशानदेही पर आलाकत्ल बांस के डंडों को बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये दोनों को जेल भेजा है। वहीं फरार आरोपियों को पकड़ने के लिये एसओजी, चौकी पुलिस व थाना समेत तीन टीमें लगाई गई हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम बराबर दबिश दे रही हैं। वहीं जेल गये आरोपियों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया जायेगा।



गिरफ्त में आरोपी।

### धरने पर बैठे सिंचाई सुविधा से वंचित बीघापुर क्षेत्र के किसान

**उन्नाव।** बीघापुर तहसील क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए नहरी पानी नहीं मिल पा रहा है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते विभागीय अधिकारियों से साठगाठ कर ठेकेदारों ने नहरों की सफाई में मनमानी की है। इससे क्षुब्ध होकर क्षेत्रीय किसान प्रगतिशील किसान ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में एकत्र होकर रावतपुर स्थित नहर कोठी में धरने पर बैठ गए। जानकारी पाकर एसडीएम किसानों को समझा धरना समाप्त कराने पहुंचे, लेकिन किसान पुख्ता आश्वासन न मिलने तक मौके से हटने को तैयार नहीं हुए। बाद में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सिंह ने जल्दी ही जरूरत के हिसाब से सभी रजबहों व माईनरों की सफाई कराने का वादा करते हुए धरना समाप्त कराया। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के रावतपुर रजबहा सहित अन्य रजबहों व माइनर की सफाई के नाम पर फावड़ा लगाए बिना ही विभागीय साठगाठ के चलते इस मद का बजट हजम कर डाला गया। इसीलिए रोस्टर के तहत पानी छोड़े जाने पर भी किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाती है। विभिन्न माइनर में जगह-जगह जंगली पेड़-पौधे खड़े होने से खेतों तक पानी ही नहीं पहुंचता। पिछले कई दिनों से किसान नहरों की दुदर्शा का हाल सुनाते हुए अफसरों से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे थे, लेकिन अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंगी। इधर खेतों में खड़ी फसल सहित धान की नर्सरी सूखती जा रही है। इसीलिए रविवार को किसानों ने क्षेत्र के प्रगतिशील किसान ब्रजेंद्र प्रताप सिंह राजू के नेतृत्व में नहर काठी पहुंचकर धरना शुरू कर दिया। किसानों के धरने पर बैठे होने की जानकारी पाकर भारतीय किसान यूनियर भानू गुट के नेता पंकज शुक्ला भी अपनी टीम के साथ नहर कोठी पहुंचकर धरने में शामिल हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम सहित तहसील स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त करने के प्रयास किए, लेकिन यह कवायद बेनतीजा साबित हुई। बाद में सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर नहरों की टेल तक पानी उपलब्ध कराने का वादा किया। उन्होंने जल्दी ही आवश्यकतानुसार रजबहों की सफाई कराने का भरोसा भी दिलाया।

### मेगा हेल्थ कैम्प व प्रतिमा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**उन्नाव।** संसाधनों के अभाव में बुजुर्ग, अशक्त,आर्थिक रूप से कमज़ोर व वंचित लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पाने को परेशान रहता है। अभ्युदय मेगा हेल्थ कैम्प के माध्यम से निश्चित ही उन्हें राहत मिलेगी। यह बात शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने अभ्युदय सेवा संस्थान के स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कृष्णा नगर स्थित पार्क व्यू पैलेस में आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प व प्रतिभा सम्मान समारोह में कहा। इस क्रम में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा डॉ. प्रभात सिन्हा सहित सम्पूर्ण अभ्युदय सेवा संस्थान की टीम समाज के उत्थान में अपने श्रेष्ठ प्रयास कर रही है, जो कि प्रशंसनीय है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने बताया की इस स्वास्थ कैम्प व प्रतिभा सम्मान के माध्यम से जहाँ अक्षम लोगों को चिकित्सा में लाभ व प्रतिभा सम्मान के माध्यम से शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना निश्चित ही प्रतिभाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगा और समाज को प्रेरित करेगा। महासचिव ओ पी तिवारी ने बताया कि जरूरतमंदों को निशुल्क कैम्प में वरिष्ठ चिकित्सकों का परामर्श, विभिन्न जाँचे, दवाइयां व चश्मे वितरित किये गए। सचिव अनिरुद्ध सौरभ ने बताया इस कैम्प में 204 लोग पंजीकृत हुए। जिसमे फिजिशियन डॉ. एस.के. वर्मा द्वारा 22 मरीजों को होम्योपैथिक में डॉ. नमन निगम द्वारा 35 मरीजों को परामर्श दिया गया। वहीं नेत्र,कान, गले, शुगर, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन के सैकड़ो मरीजों की जांच कराई गई। जिसमे सभी को चश्मा और दवा नि:शुल्क वितरित किया गया। साथ ही इंटर और हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले मेधावियों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र व पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल, सदर विधायक पंकज गुप्ता, संस्था के संरक्षक डा. मनोज श्रीवास्तव, अध्यक्ष डा.प्रभात सिन्हा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, महासचिव ओपी तिवारी, कांति मोहन गुप्ता, अनिरुद्ध सौरभ, इंजीनियर निकुंज बाजपेई, मनीष सिंह, जीएस भदौरिया, अजय श्रीवास्तव, आदित्य बाजपेई, धर्मेंद्र शर्मा, अखिलेश ओमर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली के मगरवारा निवासी सुभाष (40)का शव रविवार सुबह घर में पड़ा मिला। सुभाष शराब का लती था। वहीं पारिवारिक चाचा निर्भय सिंह ने बताया कि शनिवार रात को शराब पीकर आने के बाद घर के बाहर बने कमरे में सुभाष सो गया। सुबह परिजनों ने उठाने पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। भाई की मौत की जानकारी पर बहन सन्नो सिंह पत्नी संजय पहुंची छाती और पैर में जलने के निशान होने की बात कह कर मौत को संदिग्ध बता पोस्टमार्टम कराने की मांग की और हंगामा शुरू कर दिया।

### पुलिस ने गांजे के साथ युवक को पकड़ा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान रविवार को गंगाघाट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गांजे के साथ पकड़ा। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# फसल के उचित मूल्य की मांग मुख्यमंत्री से मिलेंगे किसान नेता

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा रबी की फसलों का किसानों को उचित मूल्य दिलाने का कार्य किया है। उसे लेकर किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ने कहा कि इसी तरह यूपी के किसानों को भी रबी की फसल का मूल्य मिले। इसके लिये वह सीएम योगी से मुलाकात करेंगे।

किसान आन्दोलन के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय अनमोल ने बताया कि 11 जून को बम्बई में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा व दमन 6 राज्यों की बैठक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर किसानों को रबी की फसलों के उचित मूल्य दिलाने के लिये हुई थी। जिसमें रबी की फसलों में जमीनी स्तर पर अध्ययन के अनुसार वास्तविक आने वाली कृषि लागत और जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों के आकस्मिक नुकसान आदि को दृष्टिगत रखते हुये कृषि लागत तय कर उचित कीमतों की सिफारिश के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। देश में पहली बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री ने किसानों के हित में नई पहल शुरू की है। जिसका उत्तर प्रदेश के किसान स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण कभी-कभी दो-दो वर्षो की बरसात एक दिन में हो जाती है। जिससे किसानों का भारी नुकसान होता है लेकिन यह नुकसान कृषि लागत में नहीं जुड़ता क्योकि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के लिए बनाये गए नियम कानून में इसका प्रावधान नही है।

- **महाराष्ट्र की तर्ज पर यूपी में भी किसानों को मिले लाभ**

# युवक को लाठी डंडों से पीटा रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के पिंडोखा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने एक युवक को लाठी डंडों से मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पिंडोखा गांव निवासी इरफान ने बताया कि वह खेतों में बकरी चराने गया था, तभी गांव के रहने वाले अभिषेक, साहिल व अन्य उसे रोक कर गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। घायलावस्था में वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# विधायक ने की पहल, बचा रहेगा कुआं

**अमृत विचार प्रभाव**

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर विधायक पंकज गुप्ता की पैरवी पर नगर पालिका ईओ ने मुबारिज नगर मोहल्ला स्थित शिवपाल सिंह यादव वाली गली में प्राचीन कुआं को बंद करने वालों को चेतावनी दी।

दोपहर 12 बजे राज गुप्ता, राकेश दीक्षित, हरिशंकर मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम, गुड्डू दीक्षित, राजू गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, नीरज तिवारी, ब्रजभूषण सिंह, चंद्र प्रकाश, सचिन गुप्ता, रवि वाजपेयी, संदीप वाजपेयी, मुकुंद वाजपेयी, प्रशांत पांडेय, मनोज निगम, हजारी लाल गुप्ता व पवन चौरसिया समेत दो दर्जन से अधिक मोहल्ला व क्षेत्रवासियों ने आईबीपी चौराहा से गुजर रहे सदर विधायक को समस्या बताई। विधायक ने ईओ से फोन पर वार्ता कर मौके पर जाकर स्थिति देख फरियादियों की समस्या का समाधान कराने को कहा। ईओ ने मौके पर जाकर बंद किए जा रहे कुएं को देखा।



सदर विधायक पंकज गुप्ता से मुलाकात करते मुबारिज नगर के बाशिंदे।



100 साल से अधिक पुराना कुआं बंद कराने से लोगों में नाराजगी

रविवार के अंक में छपी खबर।

### फरियाद लेकर भटकते रहे

**उन्नाव।** कुएं का अस्तित्व बचाने को परेशान लोगों ने डीएम को फोन मिलाया तो फोन उठाने वाले ने एडीएम (न्यायिक) या एसडीएम सदर को शिकायती पत्र देने की सलाह दी। लेकिन एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह के आवास पहुंचने पर संबंधित लोगों को 12 बजे के बाद कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय में शिकायत करने की सलाह देकर चलता कर दिया गया। वह कई जगह गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**अव्यवस्था** मंडी परिसर में किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं की हो रही अनदेखी

# लाखों का राजस्व देने वाली नवीन मंडी के शौचालय बदहाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन मंडी परिसर में किसानों, मजदूरों व व्यापारियों को मिलने वाली सुविधाओं की निरंतर अनदेखी हो रही है। जहां सार्वजनिक शौचालय में गंदगी पड़ी है। वहीं शौचालयों में ताला लगा दिया गया है। इन हालात में किसानों व व्यापारियों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है। इसके बाद भी मंडी के अधिकारी स्थिति को जानकर अनजान बने हुए हैं।

बता दें कि शहर स्थित नवीन मंडी में रोजाना करोड़ों रुपये का टर्नओवर होने के बाद भी व्यवस्थाएं बदहाल हैं। थोक फल व सब्जी, अनाज विक्रेता मंडी में रोज नवाबगंज, बिछिया, मंगतखेड़ा, शुक्लागंज, माखी, परियर, सफीपुर सहित हरदोई, लखनऊ व कानपुर नगर सहित आसपास के जिलों के किसान व व्यापारी अपनी उपज या व्यापार करने आते हैं। इससे मंडी में सैकड़ों किसानों की आवाजाही बनी रहती है। मंडी समिति द्वारा किसानों को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मुहैया कराने के लिए दो शौचालय परिसर में बनाए गए हैं। पहला शौचालय मंडी परिसर के किनारे पानी की टंकी के पास है वहीं दूसरा मंडी के मेनगेट के पास बना है। दोनों शौचालय देखरेख के अभाव में गंदगी के भेंट चढ़ गए हैं। हाल यह हैं कि कारोबार के लिए आये किसान व अन्य लोग लघुशंका के लिए शौचालय में आते हैं और इसकी बदहाल हालत देख लौट जाते हैं। शौचालयों की सफाई न होने से जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं। साथ ही समिति द्वारा शौचालयों में ताला लगा दिया गया है। जिससे किसान व व्यापारी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। जिन किसानों की उपज उसी दिन नहीं बिक पाती उन्हें अगले दिन तक मंडी में रुकना पड़ता है। ऐसे में किसानों के सामने ठहरने से लेकर शौचालय जाने व स्नान करने तक की समस्या खड़ी हो जाती है। कई मजदूर व किसान मजबूरन स्नान करने के लिए हैंडपंप का सहारा लेते हैं।

वहीं, शौचालयों में फैली गंदगी से किसान, व्यापारी व मजदूरों को बाहर का रुख करना पड़ता है। कई बार किसानों व व्यापारियों को शौचालयों व स्नानागार में आ रही समस्या की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों से कर चुके हैं। इसके बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है। इस बात को लेकर किसानों में अधिकारियों के प्रति रोष पनप रहा है।



नवीन मंडी स्थित शौचालय में लटकता ताला। अमृत विचार

- **साफ सफाई न होने से खुले में शौच जाने को मजबूर व्यापारी व किसान**
- **थोक फल व सब्जी, अनाज मंडी होने से रोजाना बनी रहती है भीड़**

### बोले मंडी समिति के सचिव

मंडी समिति के सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि एक शौचालय चालू है। दोनों शौचालयों में कर्मचारी तैनात थे। कुछ व्यापारियों व किसानों द्वारा अभद्रता करने पर वे चले गए हैं। शौचालयों की सफाई कर ताला खुलवाया जायेगा।

### बोले किसान



किसान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मंडी परिसर के दोनों शौचालयों की सफाई कराकर उन्हें किसानों के लिए खुलवाना चाहिए। जिससे किसानों को शौचालय के लिए बेवजह परेशान न होना पड़े। वहीं, रात रुकने वाले किसानों व मजदूरों को भी नहाने की सुविधा मुहैया हो सकेगी।



किसान राकेश ने बताया कि मंडी में सफाई के अभाव में शौचालयों में भारी गंदगी है। इससे किसानों-मजदूरों को हैंडपंपो पर लाइन लगाकर स्नान व शौच के लिए पानी लेना पड़ता है। जब तक इनकी सफाई नहीं होगी तब तक किसानों के लिए मुसीबत है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला खलासी का शव

**उन्नाव।** सदर कोतवाली अंतर्गत सरिया लादने आए ट्रक के खलासी का केबिन में शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने जहर की आशंका के चलते बिसरा सुरक्षित किया गया है। हरदोई जिला के थाना कछौना के पूरब खेड़ा हथौड़ा गांव निवासी सतीश (40) पुत्र रामऔतार ट्रक में खलासी था। चालक शकील ने बताया कि वह दोनों सदर कोतवाली के मगरवारा चौकी स्थित रिमझिम फैक्टरी में सरिया लादने आया था। पोस्टमार्टम में शराब मिलने के साथ ही जहर भी मिला है। मौत का सही कारण स्पष्ट न होने से विसरा सुरक्षित किया गया है। वह हरदोई के बिलग्राम के गांव कटरी परसोला निवासी बहन बहन लक्ष्मी पत्नी सुधीर के साथ रहता था। करीब सात साल से वह अपने घर नहीं गया था। मोटर मालिक कानपुर निवासी सतीश के आने के बाद परिजन शव लेकर चले गए। पुलिस जांच करने में जुटी हुई है।

# सड़क हादसों में 2 महिलाओं समेत 4 की मौत, सात घायल

## अचलगंज थानांतर्गत कार की टक्कर से वृद्धा की हुई मौत बेटे का साला हुआ घायल, पुरवा कोतवाली अंतर्गत ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में पलटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत हो गई। बाइक चला रहा बेटे का साला घायल हो गया। वहीं पुरवा कोतवाली अंतर्गत तेज रफ्तार ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में पलटने से चालक की मौत हो गई। बिहार थानांतर्गत रिश्तेदार की मौत की सूचना पर उसके घर जाते समय डंपर की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें बाइक में बैठी वृद्धा की मौत हो गई। वहीं दंपती घायल हो गए। इसके अलावा आसीवन थानाक्षेत्र का युवक रायबरेली जिले में हुए सड़क हादसे में घायल हुआ था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।


बांगरमऊ में घायल हुआ फल विक्रेता।

अचलगंज थानांतर्गत टिकरी पदमरा गांव निवासी राम दुलारी

**केस 01**

(58) पत्नी फूल सिंह बारासगवर के रुद्रपुर गांव रिश्तेदारी में गई थी। वहां से वह अपने बेटे अखिलेश सिंह के साले दिलीप के साथ शनिवार शाम बाइक से लौट रही थी। तभी अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर भैंसई नौबस्ता व बेथर गांव के बीच एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें उछलकर नीचे गिरने से राम दुलारी व दिलीप घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से परिजन उन्हें कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। इस पर परिजन शव लेकर लौट आए और पुलिस को सूचना दी। रविवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। मां की मौत से बेटे अखिलेश व रमन आदि में कोहराम मचा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। एसओ संजीव कुशवाहा ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन का पता लगाया जा रहा है।


रामदुलारी।

- बिहार थानांतर्गत डंपर की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की हुई मौत
- रायबरेली जिले में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**पुरवा।** कोतवाली अंतर्गत रघुवर खेड़ा का मुन्नी लाल (50) पुत्र

**केस 02**

स्व. गुरुदयाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। इन दिनों वह गांव में अपना मकान बनवा रहा था। इसलिए उसकी पत्नी मायके में थी। शनिवार रात वह कोतवाली क्षेत्र कसरौर गांव अपनी ससुराल जा रहा था। तभी पासाखेड़ा-मिर्जापुर सुम्हारी मार्ग पर मिर्जापुर सुम्हारी गांव के पास उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर खंती में चला गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पति की मौत से पत्नी माधुरी सीएचसी पहुंची और पति का शव देख बेहाल हो गई। वह चार भाइयों में छोटा था। भाई जोधा ने बताया कि मुंजीलाल के एक बेटा आशीष है। वह मुंबई में नौकरी करता है। पिता की मौत की खबर पर वह घर आने लिए निकला है। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा पलटने से मुन्नीलाल की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

रायबरेली जिले के सरेनी थानांतर्गत भीटी गांव निवासी

**केस 03**

कृष्ण पाल के बारासगवर थानाक्षेत्र के मधुकर खेड़ा गांव निवासी बहनोई की मौत हो गई थी। इसकी खबर पर वह गांव की रहने वाली रिश्ते की बहन ज्ञान देवी (65) पत्नी स्व. रतीपाल व अपनी पत्नी प्रीती के साथ मधुकर खेड़ा जा रहे थे। रविवार सुबह भगवंत नगर चौकी के पीछे ठाकुर द्वारा के पास डंपर की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें दंपती व वृद्धा गंभीर घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सुमेरपुर पीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने ज्ञान देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कृष्णपाल व उनकी पत्नी प्रीती को जिला अस्पताल के रेफर कर दिया। सूचना पर वृद्धा का पुत्र अंशू अस्पताल पहुंचा और पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव लेकर घर लौट आया। उसके तीन बेटे अंशू, धीरेंद्र व टिनगी हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। उसकी मौत से सभी बेहाल हैं। वहीं घायल दंपती के परिजनों ने उन्हें लालगंज के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। चर्चा रही कि डंपर से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसली है। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी थी। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। महिला की मौत की जानकारी नहीं है।

**आसीवन** थानाक्षेत्र के गांव कादिरपुर निवासी हरिशंकर (23)

**केस 04**

सीमेंट के गमले व वाल कंपाउंड बनाने का काम करता था। 17 मई को वह देहरादून गया था। जहां से फैक्ट्री मालिक ने उसे प्रयागराज में चल रही दूसरी साइड पर काम करने भेजा था। शनिवार को हरिशंकर साथी श्रमिकों के साथ बस से प्रयागराज जा रहा था। प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर बछरावां के पास बस रुकने पर वह पानी पीने के लिए उतरा था। तभी बछरावां से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया था। इलाज के दौरान वहां उसकी मौत हो गई थी।

बछरावां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रविवार को शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। बता दें कि करीब नौ माह पहले उसके पिता रामकुमार ने पारिवारिक कलह में जहर खाकर जान दे दी थी। वह पांच भाई तीन बहनों में छोटा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। बेटे की मौत से मां महादेई और अन्य परिजन बेहाल हैं।

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गांव

**केस 05**

नसिरापुर के पास रविवार को तेज रफ्तार पिकअप ने ठेलिया से फल बेंच रहे नगर के मोहल्ला शुक्लाना निवासी सोनू (30) पुत्र जुगुल किशोर को टक्कर मार दी। इसमें फल विक्रेता गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव भठियापुर निवासी समीर (15) पुत्र सब्बीर गांव सुरसेनी निवासी ज़ैद (14) पुत्तन के साथ बाइक से बांगरमऊ से गांव जा रहा था। उधर हरदोई के कस्बा मल्लावां के मोहल्ला नुसरत नगर का अनीस (35) पुत्र अली रजा अपने 8 वर्षीय बेटे सुहैल को लेकर बाइक से लखनऊ मार्ग स्थित गांव तकिया निगोही से गांव आ रहा था। तभी रास्ते में गांव सुरसेनी के पास तेज रफ्तार बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। इसमें दोनों बाइकों पर सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


# अलग-अलग घटनाओं में 6 लोगों की चली गई जान

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत, दो घायल

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के काली मिट्टी- शिवराजपुर मार्ग के किनारे खंती में बाइक सवार युवक का संदिग्ध परिस्थितियों

**केस 01**

में शव मिलने से में सनसनी फैल गई। युवक शनिवार रात अपने दो साथियों के साथ बीयर लेकर लौट रहा था। हादसे में दोनों साथी भी घायल हुए जिनका इलाज चल रहा है। परिजन बेटे की मौत पर आशंका जता रहे है वहीं पुलिस इसे सड़क हादसा मान रही है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर रविवार को पीएचसी के निकट राहगीरों ने खंती में एक युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। शव के पास बाइक भी पड़ी थी। पुलिस की जांच में शव की पहचान क्षेत्र के ग्राम जाजामऊ निवासी पप्पू गौतम के 18 वर्षीय बेटे मनीष के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मनीष शनिवार देर शाम अपने दो साथियों गिरधारी पुरवा मजरा जाजामऊ निवासी प्रदीप पुत्र विश्वेश्वर एवं मातादीन खेड़ा मजरा कमलापुर निवासी शिवम पुत्र अनिल के साथ दबौली गांव गया था। दोनों साथियों को उनके परिजनो ने रविवार सुबह घायल अवस्था में फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। घटना में घायल साथी प्रदीप ने बताया कि शनिवार देरशाम तीनों लोग बाइक से दबौली बियर पीने गए थे। जहां से लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर खंती में चली गई। वहीं शिवम ने अज्ञात वाहन से टक्कर से हादसा होने की बात कही। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि दोनों घायलों को रविवार भोरपहर क्षेत्र के झारखंडेश्वर मन्दिर परिसर में देखा गया है। मृतक के साथियों के बयान में भिन्नता व ग्रामीणों की चर्चा से परिजन मामले को संदिग्ध मान रहे हैं। दिवंगत युवक सात भाई बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह लुधियाना में मजदूरी करता था। शुक्रवार को गांव लौटा था। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


मनीष।

### अधिक शराब पीने से बिगड़ी अधेड़ की हालत, मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** 24 घंटे में लगातार शराब पीने से एक अधेड़ की हालत बिगड़ गई।

**केस 02**

परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव लेकर अपने घर चले गए।सूत्रों के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव अतरधनी के मजरा नगरा निवासी शिवप्रसाद (54) पुत्र मन्ना बीते 24 घंटे से लगातार रुक-रुककर दारू पीता रहा। रविवार दोपहर अचानक अधिक शराब पीने से उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख बेटा अयोध्या प्रसाद आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### थाने से बुलावा आने से परेशान युवक ने फांसी लगा दी जान

**औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र में एक युवती अपने घर से कहीं चली गई। परिजनों ने उसके चले जाने में तीन युवकों की साजिश बता रिपोर्ट दर्ज कराई

**केस 04**

थी। पुलिस ने मामले की जांच कर इनमें से एक युवक को रविवार को थाने बुलाया। इससे डरे युवक ने घर में दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। बता दें कि औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी (20) साल की युवती बीती 11 जून को परिवार के साथ चंड़ीगढ़ से घर लौटी थी। इसके अगले दिन वह घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने तलाश की तो उन्हें जानकारी हुई कि वह कासिमपुर गांव निवासी निमित नाम के युवक के साथ गई है। उसके जाने में पुरथ्यावां गांव निवासी सलीम अहमद (22) पुत्र मुनीर व उसके चचेरे भाई शाहरुख भी शामिल है। मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार को पुलिस ने गांव जाकर पूछताछ की और सलीम को सुबह थाने आने को कहा। बताते हैं कि इसी से डरे सलीम ने घर में दुपट्टे के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजन सोकर उठे तो उसका शव बरामदे में लटका देख बेहाल हो गए। सलीम की अभी शादी नहीं हुई थी।


सलीम अहमद।

### ई-रिक्शा पलटने से उसके बैठे वृद्ध की मौत

**बांगरमऊ।** गांव हैबतपुर निवासी अमर सिंह (65) पुत्र मौजीलाल बीते शनिवार

**केस 06**

अपनी दवा लेने लखनऊ गए थे। वह अपनी बेटी पूर्णिमा के साथ शनिवार शाम वापस घर आ रहे थे। वह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के हरदोई मार्ग टोल नाका पर उतरकर पैदल हरित होटल के पास पहुंचे। जहां से वह बेटी के साथ ई-रिक्शा से कलवारी-महमदाबाद मार्ग से घर आ रहे थे। तभी रास्ते में रेलवे अंडर पास के पास अचानक गहरे गड्ढे में फंसकर ई-रिक्शा पलट गया। इसमें ई-रिक्शा पर लदा प्लाई बोर्ड सहित अन्य सामान नीचे आ गिरा। जिसके नीचे दबकर अमर सिंह गंभीर घायल हो गए। परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत नहीं सुधरी तो परिजन घर ले आए।

### ब्रेकर में पड़ने से बाइक उछली, गिरकर महिला की हुई मौत

**केस 03**

**पुरवा।** अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी 48 वर्षीय शांति देवी रविवार शाम बेटे अनुज के साथ बाइक से पुरवा क्षेत्र के गांव भदनाग अपने मायके जा रही थी। पुरवा-पाटन मार्ग पर राम्मा खेड़ा गांव के पास बने स्पीड ब्रेकर में बाइक तेज होने से उछलकर अनियंत्रित हो गई। जिससे पीछे बैठी शांति सड़क पर गिर गई। सीएचसी में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### करंट की चपेट में आकर फैक्ट्री श्रमिक की हुई मौत

**केस 05**

**उन्नाव।** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक बंद कबाड़ फैक्ट्री के श्रमिक की पानी मोटर चालू करते समय करंट की चपेट में आ गया। साथी श्रमिक ने उसे जिला लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली अंतर्गत शांति नगर मोहल्ला निवासी रामबालक गौतम (45) पुत्र ओमप्रकाश दही थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में एक कबाड़ फैक्ट्री में काम करता था।

# अधेड़ की हत्या में 3 लोगों को पुलिस ने दबोचा

**फालोअप**

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव में दो दिन पूर्व दबंगों ने यूवक को घर से खींच कर कुल्हाड़ी व डंडों से जमकर मारा पीटा था और कार में डाल ले गये थे। पत्नी की सूचना पर तलाश में जुटी पुलिस को दूसरे दिन सुबह दीपू मरणासन्न हालत में गांव में घर के पीछे पड़ा मिला था। जिसे नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

मृतक की पत्नी मीरा देवी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि उसका पति दीपू निवासी नयाखेड़ा बीती शाम घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के आधा दर्जन दबंगों ने उस पर हमला बोल दिया और डंडे व कुल्हाड़ी से जमकर मार पीटकर कार में डालकर उठा ले गये थे। मीरा देवी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी। पुलिस दीपू की तलाश में जुटी थी। घटना के दूसरे दिन सुबह पुलिस को दीपू घर के पीछे मरणासन्न हालत में मिला था। जिसे नवाबगंज सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार उर्फ कोकी, उसकी मां टिकई, विकास, महेश व करन सहित छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को दीपू के शव का अंतिम सस्कार कर दिया गया। घटना के मामले में पुलिस ने अब तक तीन को गिरफ्तार किया है। कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 7 दिन बाद जिंदगी की जंग हार गई युवती

**फालोअप**

- 9 मई को प्रेमी से मिलने गई युवती जल गई थी

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सकरन में बीती 9 मई की रात प्रेमी से मिलने आई युवती संदिग्ध हालात में आग की चपेट में आ गई थी। जिसका इलाज केजीएमयू लखनऊ में चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं परिजनों ने जाजमऊ स्थित घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस नामित पिता-पुत्रों की तलाश कर रही है।बता दें कि दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बीती 9 मई की रात पुरवा क्षेत्र के गांव सकरन निवासी अपने प्रेमी नरेश से मिलने आई थी। जहां पूनम संदिग्ध परिस्थिति में आग की चपेट में आ गई थी। घटना के बाद युवती के पिता ने उसके प्रेमी नरेश व उसके पिता गोलू पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर बेटी पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

**आयोजन** गंगा दशहरा पर जिले भर के गंगातटों पर उमड़े श्रद्धालु

# श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी, किया दान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दानपुण्य किया। जो श्रद्धालु गंगा स्नान नहीं कर पाए उन्होंने घरों में पूजन के साथ दान-पुण्य किया। वहीं शहर के सीताराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भंडारा आयोजित हुए। कुछ अन्य स्थानों पर भी भंडारा व शर्बत वितरण किया जाता रहा।

जेठ माह की कड़ाके धूप व चिलचिलाती गर्मी में दान-पुण्य का काफी महत्तम माना जाता है। इस दौरान शुद्ध शीतल जल के दान को विशेष फलदायी बताया जाता है। पुराणों में इसी माह दशमी तिथि पर पृथ्वी पर मां भागीरथी का अवतरण होना वर्णित है। इसीलिए रविवार को गंगातट न पहुंच पाने वालों ने स्नान कर मंदिरों का रुख किया। यहां उन्होंने पुरोहितों को शक्कर आदि दान दी। वहीं कुछ लोगों ने रामचरित मानस का अखंड पाठ शुरू कराया। कई स्थानों पर शर्बत वितरण व कुछ अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भंडारा आयोजित कराए जाते रहे। शहर के आरएसएस इंटर कालेज के पास बड़े हनुमान मंदिर स्थित सीताराम मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वह सीताराम सहित हनुमानजी महाराज व बगल में स्थित श्रीरामेश्वरम मंदिर में विराजित भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर बाहर बैठने वाले जरूरतमंदों को दान देते रहे। इसके अलावा मंदिर समिति की ओर से भंडारा भी आयोजित किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, राकेश शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, ललित शुक्ला, रमाकांत वाजपेयी, श्रीधर तिवारी, श्रीहरि तिवारी, पीके मिश्र व यज्ञदत्त तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।


राम-सीता मंदिर में स्थापित मूर्तियां।


परियर स्थित गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु।

परियर संवाददाता के अनुसार, गंगा दशहरा पर ब्रम्हमुहूर्त शुरू होते ही श्रद्धालुओं में मां गंगा में आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। स्नान के बाद सभी भक्तगण पतित पावनी की पूजा-अर्चना व आरती कर तीर्थ पुरोहितों को दान-दक्षिणा देते रहे। उन्होंने आसपास के विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक कर सर्वमंगल की कामना की। स्थानीय बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में लगातार श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा।


तट पर कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

### स्नान के बाद सुनी कथा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायण की कथा भी सुनी। सुबह से दोपहर तक घाटों पर लोगों का स्नान चलता रहा। वहीं स्नान के दौरान लोगों ने गंगा तट पर खूब सेल्फी भी ली। गंगा दशहरा के अवसर पर नगर व आस पास के स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। ऐसे मौके पर स्नान करने से पूर्व में किए गये पाप कर्म नष्ट हो जाते हैं। मान्यताओं अनुसार, गंगा दशहरा के दिन प्रात: गंगा स्नान करना चाहिए। संभव न हो तो पास की किसी नदी या तालाब में ही स्नान करना चाहिए। इसके बाद भगवान की पूजा करने के साथ ही गरीबों, ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स में नितिन ने जीता गोल्ड

**उन्नाव।** जिले के लाल नितिन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर में चल रही 19वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पांच हजार मीटर रेस वाक में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। जिले सहित प्रदेश का नाम रौशने करने की खबर मिलते ही खेल प्रेमियों ने खुशी का इजाहर करते हुए परस्पर मुंह मीठा कराना शुरू कर दिया। प्रतियोगिता के दूसरे ही दिन जिले के 16 वर्षीय एथलीट ने बिलासपुर स्टेडियम में जुटे विभिन्न राज्यों के प्रतिस्पर्धियों सहित खेल प्रेमियों को स्वयं के लिए तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। युवा एथलीट ने 5000 मीटर वाक रेस सबसे कम समय में पूरा कर लिया। समय को लेकर वह इस बार मात्र चार सेकंड के अंतर से राष्ट्रीय कीर्तिमान को तोड़ने से चुक गए। इससे पहले भी वह इस प्रतियोगिता में दो बार रिकार्ड तोड़ने के करीब तक पहुंच चुके हैं। कोच आमिर ने बताया कि वह अब तक राष्ट्रीय स्तर पर तीन स्वर्ण व दो रजत पदक हासिल कर चुका है, जबकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 6 स्वर्ण पदक प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बीते तीन साल से वह लगातार पसीना बहाते हुए अपनी प्रतिभा निखारते हुए वाक रेस की बारीकियों की समझ विकसित करता आ रहा है। इसलिए उम्मीद है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह सितारा जरूर चमकेगा। हालांकि परिवार की आर्थिक कमजोरी के चलते पर्याप्त सुविधाएं नहीं प्राप्त कर पा रहा है। इसके बाद लगन व समर्पण के चलते प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित करने में पीछे नहीं रहता है।



एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के पदाधिकारी से गोल्ड के साथ बुके लेते नितिन गुप्ता। अमृत विचार

### जर्जर विद्युत पोल ले चुका कई मवेशियों की जान, जिम्मेदार अनजान

**बांगरमऊ।** क्षेत्र के मोहल्ला नौनिहाल गंज वार्ड-3 स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के पास एक जर्जर विद्युत पोल बीते कई वर्षों से झुका खड़ा है। जिसमें अक्सर तेज करंट दौड़ता रहता है। हाई बोल्टेज करंट से अब तक कई मवेशियों की मौतें भी हो चुकी हैं। इस जर्जर विद्युत पोल से सबसे अधिक खतरा स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को रहता है। खास बात तो यह है कि नागरिकों द्वारा उच्चाधिकारियों को कई शिकायती पत्र दिया गया। लेकिन, इसके बावजूद स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। विद्युत विभाग की घोर लापरवाही को लेकर नागरिकों में गहरा आक्रोश है। मोहल्ले के शिवकुमार, बब्लू खां, शिव शंकर, जितेन्द्र गुप्ता, जयशंकर गुप्ता, रहीस खां, राधेश्याम व रानू गुप्ता आदि ने जिला प्रशासन से जर्जर विद्युत पोल जल्द बदले जाने के लिये विद्युत उपकेंद्र के अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की है।


जर्जर विद्युत पोल।


पुलिस लाइन में जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता व पुलिस कर्मी।

### फिर सात रहने को राजी हुए 32 दंपति

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके बीच विवाद को खत्म कराया। इसके बाद सभी को खुशी-खुशी उनके घरों को विदा किया गया। इसमें परिवार परामर्श केंद्र से 14, महिला थाने से 7, थाना अचलगंज व बेहटा मुजावर से 3-3, गंगाघाट से 2, बांगरमऊ, बारासगवर व कोतवाली सदर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, राजेन्द्र सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, डा. शशि रंजना अग्निहोत्री, डा. एसके पाण्डेय, रामसनेही यादव, अबसार अली व डा. सगीर अहमद व सहयोगी शिवेन्द्र सिंह चौहान, अंकित सिंह, संजय चौरसिया, प्रदीप त्रिपाठी व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, दरोगा भागीरथी, मधु श्रीवास्तव, महिला हेड कान्सटेबल मिथिलेश कुमारी, कमलेश कुमारी, महिला सिपाही पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, अंशू रानी, साधना, प्रीती, चिंतन, दुर्गेश, शिखा यादव, पूजा यादव, सेविका आदि मौजूद रहीं।


टूटी पुलिया के पास मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### रजबहे की टूटी पुलिया दे रही हादसों को दावत

**सफीपुर, उन्नाव।** क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाले मार्ग पर बनी रसूलाबाद रजबहे की पुलिया पांच वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। इसके चलते ग्रामीणों को दूसरे गांवों से होकर जाना पड़ रहा है। पुलिया की मरम्मत व निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से लेकर उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायतें कीं। इसके बाद भी समस्या का समाधान न होने से ग्रामीण परेशान हैं। तहसील क्षेत्र के गांव अलीगंज के मजरा उदशाह से निकले रसूलाबाद रजबहे पर बनी पुलिया पांच वर्षों से टूटी है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया की मरम्मत कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार से लेकर कई बार उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की गई। लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। अलीगंज गांव से निकले इसी मार्ग से होकर दर्जनों गावों की ओर जाना पड़ता है तथा यह मार्ग लखनऊ बांगरमऊ को जोड़ता है। जिससे इन गावों के लोग अपने थाना क्षेत्र आसीवन पहुंच पाते है। ऐसे में गांव के पास से निकले रजबहे पर बनी पुलिया टूटी हुई है। जिस पर आवागमन के लिए ग्रामीणों ने टूटे विद्युत खंभों को लगा दिया है। जिससे लोग एक-एक कर पैदल चलकर खेत जा पाते हैं। टूटी पुलिया से निकलने के दौरान आएदिन लोग गिरकर घायल भी हो जाते हैं। परंतु खेतों पर पहुंचना उनकी मजबूरी है। जिससे पुलिया से होकर जाना पड़ता है। अलीगंज गांव निवासी सूघर लाल, पप्पू, सुशील, गुड्डू आदि का कहना है कि टूटी पुलिया की मरम्मत कराने के लिए कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र दिया गया है। इसके बाद भी अभी तक पुलिया का निर्माण नहीं हो सका है।

### युवक की मौत को हत्या बता दी तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा के मजरे मिर्रीकला निवासी अंजली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के कस्बा मिर्रीकला में पति भीखालाल की बीज भंडार की दुकान हैं। जहां 19 वर्षीय बेटा शिवम भी साथ में जाता था। 27 मई-2024 को शिवम दुकान से किसी काम से जाने की बात कहकर निकला था। काफी देर बाद शिवम के मित्र सचिन ने बताया कि किसी अज्ञात युवती का फोन आया था कि शिवम गंभीर हालत में मदारीखेड़ा के पास पड़ा है। आनन-फानन वे लोग मदारीखेड़ा पहुंचे तो शिवम मरणासन्न हालत में गांव के बाहर पड़ा मिला था। शिवम को लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से तीन दिन पूर्व शिवम को घर ले आए थे। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। पिता भीखालाल ने बताया कि शिवम चार बहनों में बीच का था। शिवम की मौत से पिता भीखालाल, मां अंजली सहित बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी है।

एक नजर

## पति सहित सात ससुराली जनों पर मारपीट का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** विवाहिता ने अपने पति सहित ससुरालीजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर ससुराल जनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली के बाजार शंभा निवासी मुस्कान कौर व पत्नी हरविंश सिंह के अनुसार उसकी ससुराल मैगलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम साथी नगर में है। उसके ससुराल वालों ने 15 जून को उसे मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। मुस्कान कौर के अनुसार उसके पति हरवेल सिंह ने उसके भाई से 10 हजार रुपये उधार लिए और वह भी नहीं दिए और पैसे लाने की मांग करके लगातार मारते पीटते हैं। बकौल मुस्कान उसकी सौतेली मां भी उसे मारती पीटती है। पीड़िता ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

## आम तोड़ने पेड़ पर चढ़े किशोर की गिरने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा किशोर नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया, वहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। टड़ियावां थाने के गांव झामुझाला मजरा नेवादा निवासी राम लड़ैते गौतम का 12 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार गौतम शनिवार की सुबह 10 बजे गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। उसी बीच अचानक रंजीत नीचे गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गया। इसका पता होते ही गांव वाले मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल किशोर को टड़ियावां सीएचसी पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज ले जाने की सलाह दी। रंजीत को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, लेकिन सारा दिन बीत गया, लेकिन उसमें कोई सुधार न होता देख डाक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में मलिहाबाद पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

## प्रेक्षक ने कर्मचारी मोहम्मद जान को दिया प्रशस्ति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए लोकसभा हरदोई के प्रेक्षक सुंदरेश बाबू एम. ने कर्मचारी मोहम्मद जान को प्रशस्ति पत्र दिया है। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि मोहम्मद जान ने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक व लगन के साथ निर्वहन किया। वह योग्य, अनुभवी, मेहनती व ईमानदार व्यक्ति है। इसके अतिरिक्त पुलिस प्रेक्षक राजेंद्र सिंह चुडास्मा ने भी उनकी सराहना की है। मोहम्मद जान वर्तमान में पंचायती राज विभाग में कार्यरत हैं।



गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

## गंगा दशहरा पर घाट पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मेहंदीघाट पर गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर स्नान कर पूजन अर्चन किया। पुल पर श्रद्धालुओं की भीड़ होने के चलते कन्नौज – बिलग्राम मार्ग पर वाहनों के निकलने पर पुलिस ने बैरियर लगाकर प्रतिबंध लगाए रखा। जिससे बुजर्ग श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर पैदल ही तय करने से परेशानी हुई। रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। मेहंदीघाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाकर विधि विधान से पूजन अर्चन कर दान पुण्य किया। सुरक्षा को लेकर कन्नौज पुलिस घाट पर तैनात रही। जाम को लेकर कन्नौज पुलिस ने बिलग्राम – कन्नौज मार्ग और मल्लावां मार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोक दिया, ताकि श्रद्धालुओं को दिक्कते न हो। गंगा दशहरा में आने वाले श्रद्धालुओं ने मल्लावां सीमा में कन्नौज पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर तैनात होने को कुछ अचंभित दिखाई दिए।

## जिला गंगा समिति ने घाट पर चलाया सफाई अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा दशहरा के अवसर पर तेरापुरसौली गंगा घाट पर जिला गंगा समिति के कार्यकर्ताओं कैलाश चंद्र, सुबी, राधा आदि के नेतृत्व में उत्सव मनाया गया। गंगा दशहरा पर्व पर कार्यकर्ताओं द्वारा घाट स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया इसके साथ ही हवन पूजन आदि सामग्री गंगा जी में विसर्जित नहीं किए जाने का अनुरोध किया। नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने जनपद के सुदूर इलाकों से आए स्नार्थियों को शरबत और शीतल जल का वितरण भी किया। जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे अश्वनी कुमार मिश्र ने गंगा से जुड़े कार्यकर्ताओं को इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी देने के लिए उनकी प्रशंसा की। श्री मिश्र ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को तेरापुरसोली गंगा घाट पर गंगा ग्रामों के जनमानस के साथ योग कर मनाया जाएगा।



घाट पर सफाई करते समिति के लोग।



सिद्धबली हनुमान मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार



## गंगा दशहरा पर भंडारे का किया आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर श्री सिद्धबली हनुमान मंदिर में 108 हनुमान चालीसा पाठ सैकड़ो भक्तों के द्वारा पूर्ण भक्ति अनुराग से गायन किया गया, जिससे पूरा मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया। ठंडा शर्बत, हलवा एवं चना का वितरण भंडारे के रूप में किया गया। इस अवसर पर कीर्ति सिंह अध्यक्ष जीवन दीप सत्संग मंडल, प्रबंध निदेशिका विद्यालय बाल विद्या भवन पब्लिक स्कूल ने कन्याऔं को भंडारे क़ा भोग एवं दक्षिणा देकर भंडारे क़ा शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एकेडमिक हेड अश्वनी कुमार दीक्षित, शोभित बाजपेयी, प्रेमकुमार सिंह, दीपक द्विवेदी, रविकांत दीक्षित, सोनम पाण्डेय, हनी पाण्डेय, नीलम सिंह, आदि सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। सिद्धबली हनुमान मंदिर के निकट से आवागमन करने वाले हज़ारों राहगीर शर्बत, हलवा एवं चना प्रसाद ग्रहण किया।

## आग लगने से तीन घरों का सामान जला

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गांव निसानपुरवा मजरा जपरा में अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से गेहूं, कुर्सी, चारपाई, भूसा, ट्राली के टायर, जीन पाईप समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार दोपहर को वीरेश के घर में आग लग गयी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक पड़ोसी छोटे पाल, अनिल पाल, के घर तक पहुंच गई परिजनों ने बंधे जानवरो को किसी तरह खोल कर बाहर निकाला। आग लगने से इसमें रखा गेहू, भूसा और चारपाई बिस्तर आदि जलकर राख हो गई। इस दौरान किसी ने आग में किसी व्यक्ति की फंसे होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया, किंतु वहां कोई फंसा नही रहा। सूचना पर दमकल फायर ब्रिगेड भी पहुंची तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार

## गोली लगने से दोनों आरोपी, एक एसआई व दो कांस्टेबल घायल, सभी अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** चोरी की बढ़ी घटनाओं पर लगाम लगाने और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस के अभियान का असर दिखने लगा है। इसी क्रम में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को देखकर आरोपियों ने गोली चला दी। बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस तरह हुई मुठभेड़ गोली लगने से दो आरोपी, एक एसआई व दो कांस्टेबल घायल हो गए। पुलिस ने चोरों के पास से पिकअप में चार भैंसों सहित अन्य मवेशी, दो तमंचे, तीन कारतूस व दो खोखे बरामद किए हैं।

रविवार की रात टड़ियावां पुलिस को पता चला कि उसी थाने के गुरुदयाल पुरवा मजरा जपरा के बबूल वाले जंगल में कुछ संदिग्ध लोग छिपे हुए है। उनके पास एक पिकअप है, जिसमें कुछ मवेशी बंधे हुए है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ जंगल में पहुंचकर घेराबंदी की। उधर एसपी के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस/स्वाट टीम ने भी मोर्चा संभाल लिया। उसी बीच जंगल में छिपे लोगों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी रतिपाल निवासी ठुकरी थाना मदनापुर शाहजहांपुर और सद्दाम निवासी गुलाब पुरवा थाना मझिला घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने दोनों घायलों के साथ तीसरे आरोपी ताहिर निवासी मोहल्ला खुरमुली कस्बा पिहानी को दबोच लिया। मुठभेड़ में एसआई नंद कुमार तिवारी व कांस्टेबल अतुल व ओम प्रकाश भी ज़ख्मी हो गए। इस बीच कपड़े गए पिकअप में चार भैंस, चार पड़िया, एक पड़वा के अलावा दो तमंचे, तीन कारतूस और दो खोखे भी बरामद हुए है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए तीन आरोपी अंतर्जनपदीय चोर हैं। उनके कुछ साथी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले, जिनकी तलाश की जा रही है।



मुठभेड़ में घायल चोर को ले जाती पुलिस व अस्पताल में भर्ती घायल आरोपी से जानकारी लेते एसपी केसी गोस्वामी।

### आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

दबोचे गए रतिपाल व ताहिर के खिलाफ पहले से कई केस दर्ज है, जबकि सद्दाम का क्राइम रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। रतिपाल के खिलाफ शाहजहांपुर के मदनापुर थाने में जानलेवा हमला, चोरी, आर्म्स एक्ट के अलावा गैंगेस्टर एक्ट का भी केस दर्ज है। जबकि ताहिर के खिलाफ पिहानी कोतवाली में पशु क्रूरता एक्ट का केस दर्ज है।

# खनन को लेकर पूछने पर लेखपाल को दी धमकी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मिट्टी खनन करने के बातें में पता होने पर लेखपाल ने सिर्फ पूछा ही था, उसके सवाल करते ही उधर से गाली-गलौज करते हुए कहा कि आ गया तो गोली मार दूंगा, कहीं दिखाई मत दे जाना, वरना देखते ही गोली मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

बघौली थाने के रोक कबूलपुर में तैनात लेखपाल शैलेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 11 जून को उसे सूचना दी गई कि लोकवापुर निवासी कृष्ण पाल सिंह पुत्र सहदेव सिंह अपने भाई राजपाल सिंह और राजपाल सिंह का पुत्र दीपेन्द्र सिंह गांव की ऊसर गाटी में मिट्टी खनन कर रहें है। लेखपाल ने इस बारे में बात की तो दीपेन्द्र सिंह ने उधर से फोन पर लेखपाल शैलेन्द्र कुमार को न सिर्फ गालियां दीं बल्कि जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि अगर आ गया तो छोड़ूगा नहीं। देखते ही गोली मार दूंगा.. लेखपाल के अनुसार आरोपी ने एक बार नहीं, कई बार इसी तरह से धमकाते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस ने दी गई तहरीर पर दीपेन्द्र सिंह के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बता दें कि जिले में कई क्षेत्रों में मिट्टी का खनन जोरों पर चल रहा है।

### सीओ बघौली कर रहे जांच

लेखपाल शैलेन्द्र कुमार को गाली-गलौज करते हुए उसे गोली से मारने की धमकी देने के मामले की जांच सीओ बघौली विनोद दुबे को सौंपी गई है। उन्होंनें जांच करते हुए पहले बयान दर्ज कर गांव के लोगों से पूछताछ का सिलसिला शुरू कर दिया है।

# आज मनेगी बकरीद, दी जाएगी कुर्बानी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सुन्नत-ए-इब्राहिम पर अमल करने वाले दिन को ईदुल अज़हा कहते है। कुरआन में कहा गया है कि हज़रत इब्राहिम ने पहले दिन ख्वाब देखा कि अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ को खुदा की राह में कुर्बान करों, उन्होंनें सारी दौलत कुर्बान कर दी, लेकिन फिर दूसरे दिन वही ख्वाब आया तो घर-मकान कुर्बान कर दिया, लेकिन तीसरे दिन फिर वही ख्वाब आया तो हज़रत इब्राहिम ने अपने बेटे हज़रत इस्माइल को खुदा की राह में कुर्बान करने का फैसला कर लिया और आंखों पर पट्टी बांध कर बेटे की गर्दन पर छुरी चला दी, लेकिन जब आंखे गोली तो देखा हज़रत इस्माइल एक तरफ खड़े मुस्कुरा रहे थे और जहां पर उन्हे कुर्बान करने के लिए लिटाया गया था, वहां एक दुंबा (बकरा) ज़िबह हुआ पड़ा था। फिर आवाज़ आई ऐ इब्राहिम खुदा ने तुम्हारी कुर्बानी कुबूल कर ली।

उसके बाद से उसी सुन्नत-ए-इब्राहिम पर अमल करते हुए ईदुल अज़हा मनाई जाती है। लोग अपनी हैसियत के मुताबिक खुदा की राह में कुर्बानी कराते है। हज़रत इब्राहिम ने तीन दिनों तक लगातार ख्वाब देखा था, इसी लिए तीन दिन लगातार कुर्बानी की जाती है। इसी लिए कहा जाता है कि जानवर को पहले खुद पाली और जब उससे मोहब्बत हो जाए तो फिर उसे खुदा के नाम पर कुर्बान करें, क्यों कि कहा गया है कि सबसे अज़ीज़ चीज़ को कुर्बान करें और जब जानवर आंखों के सामने पल कर बड़ा होगा, तो लाज़िम है कि उससे मोहब्बत होना। कहते है कि खुदा को इसी तरह की कुर्बानी पसंद है।

ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर ईदगाह और मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल तैनात रहेगा। शहर से लेकर ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। संबंधित थानेदार, क्षेत्राधिकारी अपने इलाकों में भ्रमणशील रहेंगे। पुलिस के आला अधिकारी मुख्यालय से लेकर क्षेत्रों में घूम कर खुद नजर बनाए रहेंगे। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने इस संबंध में सभी को गाइडलाइन जारी की है।



बाजार में बिक्री के लिए लाए गए बकरे। अमृत विचार

### ईदगाह में सुबह 7 बजे अदा की जाएगी नमाज

ईदुल अज़हा की नमाज़ ईदगाह में सुबह 7 बजे होगी। उसके बाद जामा मस्जिद में 7 :45 बजे होगी। अंजुमन इस्लामियां के सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद ने बताया कि ईदगाह और जामा मस्जिद के अलावा मस्जिद मोमिनाबाद में सुबह 6 बजे, मस्जिद मंगली पुरवा में सवा 7 बजे, मस्जिद सुंदर दाई में ईदुल अज़हा की नमाज़ साढ़े 6 बजे होगी। साथ ही शहर की बाकी मस्जिदों में अलग-अलग वक्त पर ईदुल अज़हा की नमाज़ होगी।

# हादसे की खबर मिलने ही परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, हरदोई

### सोनीपत हादसा

▸▸ मझिला थाना क्षेत्र के कुम्हरुआ गांव के चार लोगों की हुई मौत

**अमृत विचार।** हरियाणा के सोनीपत में ईंट-भट्टे पर मजदूरी करने वाले मां-बेटे ने इस बार बकरीद अपने घर आकर मनाने की तैयारी की थी। लेकिन घर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दोनों हादसे के शिकार हो गए। गाज़ियाबाद में एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में मां-बेटे के साथ ही दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई। चारों लोग मझिला थाने के कुम्हरुआ के रहने वाले थे। रविवार को जब हादसे में उनकी मौत की खबर गांव पहुंची तो कुम्हरुआ में कोहराम मच गया।

मझिला थाने के कुम्हरुआ के कुछ लोग हरियाणा के सोनीपत में गन्नौर ईंट-भट्टे पर मज़दूरी कर गुज़र-बसर कर रहे थे। वहां रह रहे इसरु की पत्नी नाज़मुन (60), पुत्र इरशाद (20), शबीना (21) पत्नी नौशाद और महेन्द्र की पत्नी मायादेवी (40) कैंटर पर सवार होकर गांव के लिए रवाना हुए थे। इरशाद, उसकी मां नाज़मुन व शबीना ने घर पहुंचकर बकरीद मनाने की तैयारी कर रखी थी। कैंटर पर उन चारों के साथ हरदोई के सात और शाहजहांपुर के 17 लोग सवार थे। कैंटर गाज़ियाबाद एक्सप्रेस-वे पर मुराद नगर में रेवड़ा-रेवड़ी के पास रुक गया। उस पर सवार कुछ लोग नीचे उतर गए। उसी बीच बागपत की तरफ से आ रहे ट्रक ने कैंटर में टक्कर मार दी। जिससे कैंटर पर सवार सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिनमें से नाजमुन, उसका बेटा इरशाद, शबीना और माया देवी की मौत हो गई। जबकि ज़ख्मी लोगों को गाज़ियाबाद में भर्ती कराया गया है।

### सार-संक्षेप

## ससुराल के बाहर बेहोश मिले युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** मायके में रह रही पत्नी को विदा कराने ससुराल गया युवक वहीं बेहोशी की हालत में पड़ा देखा गया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी शराब पीने से मौत होना बता रही है। टड़ियावां थाने के खपरा मजरा खांडाखेड़ा निवासी 48 वर्षीय महिपाल लखनऊ में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। उसकी पत्नी सीमा और तीन बच्चे भी साथ में रहते थे। महिपाल 25 मई को बेटी की शादी करने के बाद से कर्ज़दार हो गया था। उसी बात पर पत्नी से कुछ कहासुनी हुई और वह अपने मायके कोड़री चली गई। बताते है कि दो दिन पहले महिपाल अपने गांव आया और पत्नी को विदा कराने कोड़री चला गया। वहीं शनिवार की शाम को वह बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहांदेर रात उसकी मौत हो गई। डाक्टरों ने ज़हर से मौत होना बताया, जबकि पत्नी शराब की वजह बता रही है। फिलहाल घर वाले किसी आरोप से इंकार कर रहें है।

## मल्लावां जूनियर ने की जीत हासिल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे जूनियर हाई स्कूल मैदान में नेशनल यूथ ग्रुप नाइट टूनामेंट का विधायक आशीष सिंह व चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम ने फीता काटकर उद्घघाटन किया, ऐसे में देवनपुर और टिल्ला क्रिकेट टीम के बीच टॉस हुआ जिसमें देवनपुर ने पहले बल्लेबाजी कर मैच में जीत हासिल की। उसके बाद टूनामेंट में मल्लावां जूनियर और गौरी क्लब के बीच मैच खेला गया, जिसमें मल्लावां जूनियर ने जीत हासिल की। नसरतनगर और बाजीगंज के बीच खेले गए मैच को नसरतनगर ने जीता, मल्लावां और बिलग्राम जूनियर के बीच मैच मल्लावां, माधौगंज और गौसगंज के बीच मैच में गौसगंज, बाजीगंज और सलमान क्रिकेट टीम के मध्य मैच बाजीगंज, सोनू गुजराती और मदारपुर के बीच हुए मैच में सोनू गुजरती ने बाजी मारी। विधायक आशीष सिंह ने कहा कि खेल से शरीर फिट और स्वस्थ्य रहता है। चेयरमैन प्रतिनिधि ने कहा कि कस्बे युवाओं में क्रिकेट के प्रति जूनून है। जल्द ही स्टेडियम जैसी सुविधा का प्रयास करेंगे। आयोजक मंडल में मो हसीब, अमी कबीर, मनीष वर्मा, हरिओम गुप्ता, कुशाल गुप्ता, मौ समी सहित नेशनल ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।

## अनुराधा बनीं इनरव्हील क्लब की चेयरमैन



**हरदोई, अमृत विचार।** इनरव्हील क्लब की अनुराधा मिश्रा को डिस्ट्रिक्ट टीम में एक बार फिर सीजीआर चेयरमैन ग्रुप रिप्रजेंटेटिव डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नीलू ढाकरे द्वारा बनाया गया। अनुराधा मिश्रा डिस्ट्रिक्ट लेबल पर चौथी बार सीजीआर बनी है। इसका श्रेय वह अपने परिवार और इनरव्हील मेंबर्स को देती हैं। इससे पहले वो प्रेसिडेंट, जेड पीसी, डिस्ट्रिक्ट असेंबली चेयरमैन, डिस्ट्रिक्ट रैली चेयरमैन की पोस्ट पर भी कार्य कर चुकी हैं। इनरव्हील क्लब डीओडी का बहुत बहुत आभार जताया।

## डा. जेके वर्मा को मिला लाइफ अचीवमेंट अवार्ड



**हरदोई, अमृत विचार।** जिले के वरिष्ठतम व प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जेके वर्मा को लाइफ अचीवमेंट अवार्ड देकर उनको सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय अस्थाना ने सौंपा। डा. जेके वर्मा जनपद में कई दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके पूर्व सरकारी सेवा में भी रहे हैं। काफी लंबे समय से अपनी सेवाएं देने वालों में डा वर्मा का स्थान प्रथम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर मैनकाइंड फार्मा से डॉ. संदीप सातमा, शादाब अली, अनिल वर्मा, रजा रहे, जबकि अन्य प्रमुख रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीपी कटियार रहे।

उपलब्धि

कुशीनगर में आयोजित प्रादेशिक शैक्षिक कार्यशाला व शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किए गए प्रधानाध्यापक

# प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर को अनमोल रत्न सम्मान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बावन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर को कुशीनगर में बेसिक शिक्षा व मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रादेशिक शैक्षिक कार्यशाला व शिक्षक सम्मान समारोह में अनमोल रत्न के रूप में चयनित हुआ। कार्यक्रम में बीएसए कुशीनगर डा. रामजियावन मौर्य ने प्रधानाध्यापक राजीव सिंह को हरदोई ज़िले में शिक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया।

बताते चलें कि राजीव सिंह की कड़ी मेहनत के बूते प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर का तमाम बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन हो चुका है। पिरज़ापुर के बच्चे ज़िले के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक नज़ीर हैं। राजीव सिंह के साथ वंदना गुप्ता, सुषमा देवी, बृजेश कठेरिया व शुभकरन यादव की टीम की कोशिशों से ही प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। इतना ही नहीं ज़िले का पहला निपुण विद्यालय भी बना। प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर के बच्चों को कंप्यूटर व स्मार्ट क्लास में नई-नई शिक्षण विधियों से पढ़ाया जाता है।



अनमोल रत्न से सम्मानित प्रधानाध्यापक राजीव सिंह। अमृत विचार

### अभिभावकों ने निजी स्कूलों से बच्चों का नाम कटाकर प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर में कराया दाखिला

तमाम अभिभावकों ने अपने बच्चो का नाम निजी विद्यालयों से कटा कर उन्हे प्राथमिक विद्यालय पिरोज़ापुर भेज रहे हैं। जहां एक तरफ परिषदीय विद्यालयों में नामांकन की कमी वाली बातें की जाती है, वहीं दूसरी तरफ नामांकन के लिए हर साल अभिभावको को मना करना पड़ता है, क्योंकि विद्यालय में कक्षा-कक्षों की कमी है। विद्यालय में नर्सरी कक्षा से लेकर कक्षा 5 तक लगभग 210 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं।

### कांवेंट स्कूलों से आगे है प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर

प्रधानाध्यापक राजीव सिंह ने अपनी कड़ी मेहनत और निजी खर्चे से वहां बच्चों के लिए कूलर, झूले, इनवर्टर, स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, सीसीटीवी आदि की व्यवस्था की है। तभी तो परिषदीय विद्यालय और वहां के बच्चे कांवेंट स्कूलों को भी मात देते हैं।

# दबंगों ने किसान को पीट कर किया लहूलुहान

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** जटपुरा गांव में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने किसान को पीटकर लहूलुहान कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घायल किसान का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी श्रीकांत के अनुसार रात्रि तकरीबन 8 बजे वह खेत में पानी लगा रहा था। उसी समय कंचन, कृष्ण कुमार, अवनीश कुमार एवं कंचन की बेटी आ गयी और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठियों और डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह लहू लुहान हो गया। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट पंजीकृत करने के बाद जांच पड़ताल की जा रही है।

सोऽस्य दोषो न मन्तव्य: क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था,जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

**इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।**

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



**अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमश: बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।**

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई,लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है,जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ,लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त,1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी,किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण



डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

**हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अत: हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।**

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा,क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है,परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए,जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है,क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा,जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना,कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब,पोखर भरे रहेंगे,खेतों में नमी संरक्षित रहेगी,परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक,उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा',लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

-फेसबुक वॉल से

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

**पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वत: स्फूर्त अनुभव का अंत।**

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है,उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने,पतंग लूटने का जो मजा था,वह आनंद मोबाइल कल्चर,वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### दो पक्षों ने मारपीट का लगाया आरोप, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम करावां में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव निवासी एक पक्ष की अर्चना देवी पत्नी प्रांजल ने बताया कि वह घर पर थी, उनका पति प्रांजल अपने पिता ब्रज किशोर के साथ शराब पीकर घर आया और उसे गालियां देने लगा। मना करने पर दोनो ने मिलकर डंडों से उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पड़ोस में रह रही उसकी बहन शशि पत्नी मुकेश बचाने आई तो उसे भी मारा-पीटा। दूसरे पक्ष के ब्रजकिशोर ने बताया वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी पड़ोसी प्रेम अपने पुत्र विमलेश और मुकेश के साथ पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज करने लगे। मना करने पर विपक्षियों ने डंडों से उसकी पिटाई कर दी। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्रों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

### पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से युवक द्वारा 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक के खिलाफ किशोरी की मां ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित मां के अनुसार 15 जून को उसकी बेटी शौच के लिए गई थी। उसके बाद वापस नहीं लौटी। बकौल पीड़िता उसने सभी नाते रिश्तेदारों के यहां अपनी पुत्री के बारे में जानकारी की परंतु कोई पता नहीं चल सका। गांव के ही एक व्यक्ति ने मुरजीत पुत्र राम प्रकाश के साथ उसकी पुत्री को जाते देखा। पीड़ित मां ने मुरजीत के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

# हीटवेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी, दोपहर में घर से निकलने से बचें

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार अभी अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। वर्तमान में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। मौसम विभाग द्वारा गर्मी/हीटवेव और गर्म राते को लेकर जनपद में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आवश्यक है कि जनसामान्य हीटवेब (लू) से बचाव को लेकर सतर्क रहें तथा बचाव के उपायों को जानें एवं अपना तथा समुदाय का बचाव कर सकें।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।


धूप से बचने के लिए सिर व चेहरा ढककर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बांसी भोजन कतई न इस्तेमाल करें। इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

### लू व तेज धूप से सूख कर गिर रहे पेड़ों से आम

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज धूप व गर्म हवाओं के चलते आम झुलसकर गिर रहे है और तो और बाग में लगे फलदार वृक्ष तेजी से सूख रहे हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब देसी व दशहरी आम डाल में सूखकर जमीन पर गिरे जा रहे हैं। आम पेड़ में लगा लगा ही झुलसकर गिर जाता है। शाहाबाद के सुलेमानी निवासी नंन्हे, आरिफ, मुन्ना, सलमान आदि किसानों ने बताया कि उनके बाग में लगे आम के पेड़ में लगे फल सूख कर गिर रहे हैं। ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है। बावन निवासी किसान हाफिज उबैद, नसरुद्दीन खां आदि लोगों ने भी कुछ इसी तरह की बात करते हुए बताया कि उनके बाग में कई आम के पेड़ में लगे फल सूख कर गिर रहे हैं। बाग में उनके हरे आम पेड़ तेजी से सूख रहे हैं। बताया गया है कि कई वर्षो से पर्याप्त बरसात न होने से ऐसी स्थिति है, भूजल स्तर तेजी के साथ खिसकता जा रहा है। पेड़ पौधों को धरती के अन्दर पूरा जल नहीं मिल पा रहा है, जिससे ऐसी स्थिति देखने को मिल रहा है। इस बार भयंकर गर्मी के साथ साथ लू चलने से आम की फसल का बुरा हाल है। इस बार बागवानी करने वाले किसानों को नुकसान होगा।

### गर्मी और तपन से लोग घरों में दुबके, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में गर्मी का प्रकोप कम होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 45 .5 रहा, वहीं न्यूनतम 31 .5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली पछुआ हवाओं से दोपहर में घरों से बाहर निकलने वालों की संख्या काफी कम दिखी। जरूरी काम से लोग सिर ढककर ही बाहर निकल पाए। गर्म मौसम के चलते बाजारों में दोपहर को सन्नाटा छा जाता है। मौसम वेधशाला के अनुसार तापमान बढ़ने का यह क्रम अभी जारी रहेगा। बताते चलें कि जिले में लगातार मौसम गर्म होता जा रहा है। गर्म मौसम से दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है, जिससे व्यापार और दुकानदारी बुरी तरह प्रभावित है। धूप और गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल हैं। प्यास के चलते गौवंश व्याकुल दिखते हैं। गौशालाओं में भीषण से तपती टीनशेड के नीचे गौवंश हांफते हुए दिखते हैं। शाहाबाद क्षेत्र में भी भीषण गर्मी और तपन के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

# भाइयों ने हत्या कर जलाया था बहन का शव

## आनर किलिंग: प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी युवती, दोनों आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाई अपनी बहन को मौसी की बीमारी का बहाना बनाकर उसे घर से लेकर निकले और रास्ते में गाड़ी के अंदर ही उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद पेट्रोल डाल कर शव जला दिया। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने इस तरह के ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी सगे भाई हैं। उनकी 18 वर्षीय बहन अपने प्रेमी के साथ रहने पर अड़ी थी, उसी के चलते भाइयों ने वारदात को अंजाम दिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी भाई।

एसपी पूर्वी श्री कुमार ने बताया कि 30 मई को अतरौली थाने के पवायां से गहदौ वाले रास्ते पर पतवार के नीचे युवती का अधजला शव पड़ा बरामद हुआ था। उस मामले में अतरौली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर एसओजी/सर्विलांस/स्वाट टीम भी खुलासा करने के लिए जुटी थी। युवती की शिनाख्त बिट्टी उर्फ संगीता पुत्री प्यारे लाल निवासी कायस्थाना काकोरी लखनऊ के रूप में की गई। उसके बाद पुलिस की जांच और तेज़ हो गई। उसने हर एक पहलू को बड़ी बारीकी से परखा और सीसीटीवी के फुटेज खंगालने शुरू किए। जांच के बीच रविवार को पता चला कि पवायां के प्राथमिक स्कूल के पास ओमनी गाड़ी खड़ी है, जिस पर दो युवक सवार हैं। इतना पता होते ही एसएचओ अतरौली दिलेश कुमार सिंह ने पुलिस टीम के अलावा एसओजी, सर्विलांस/स्वाट टीम के साथ वहां घेराबंदी कर उन दोनों को दबोच लिया। एसपी पूर्वी ने बताया। ओमनी पर सवार युवक दुर्गेश सैनी पुत्र प्यारे लाल निवासी कायस्थाना काकारो व उसके भाई शंकर उर्फ रवि ने जुर्म कुबूल कर लिया। बताया कि बिट्टी उर्फ संगीता प्रेमी के साथ रहने के लिए अड़ी थी, जबकि घर वाले ऐसा नहीं होने देना चाह रहे थे। काफी समझाने के बाद उस पर कोई असर नहीं हुआ। फिर उसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर बहन को मौसी की बीमारी का बहाना बनाकर उसे अपने साथ ओमनी से लाए। पवायां के पास रुक कर गला घोंट कर उसकी हत्या करने के बाद शव पर पेट्रोल डाल कर उसे फूंक दिया।

# नशे में धुत कांस्टेबल ने एसपी ऑफिस में किया हंगामा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शराब के नशे में एसपी ऑफिस पहुंचे कांस्टेबिल ने वहां खूब हंगामा किया। हालांकि उसने जो प्रार्थना पत्र दिया था, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के मुताबिक उस पर गौर किया जा रहा है। कांस्टेबिल का मेडिकल कराया गया। सीओ सिटी को मामले की जांच सौंपी गई है।

बताया गया है कि 2019 बैच का कांस्टेबिल छविराम की न्यायालय सुरक्षा में ड्यूटी लगी हुई थी। रविवार को वह नशे की हालत में एसपी ऑफिस पहुंच गया और वहां हंगामा करने लगा। कांस्टेबिल को ऐसा करता देख हर कोई हक्का बक्का रह गया। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि कांस्टेबिल ने प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर गौर किया जा रहा है। लेकिन उसी बीच कांस्टेबिल का ऐसा रवैया पुलिसिंग के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि कांस्टेबिल का मेडिकल कराया गया है। सीओ सिटी अंकित मिश्रा को जांच सौंपी गई है। लोगों का कहना है कि कांस्टेबल छविराम ने जो किया, उससे खाकी को शर्मसार होना पड़ा।

# खुद को भाजपा का पदाधिकारी बताकर खनन करा रहा युवक

संवाददाता, हरदोई, शाहाबाद

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी खनन का अवैध कारोबार पिछले काफी दिनों से चल रहा है। इस अवैध कारोबार को संचालित करने वालों को पुलिस और खनिज विभाग का संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार सत्ताधारी दल के कुछ नेताओं का संरक्षण प्राप्त होने के चलते प्रशासन इस मिट्टी माफिया का कुछ नहीं कर पा रहा है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला भुड़िया का रहने वाला उक्त मिट्टी माफिया खुद को भाजपा का पदाधिकारी बताता है। जबकि सत्ताधारी दल से उसका दूर-दूर तक नाता नहीं है। पुलिस से सांठगांठ कर उसका धंधा चालू है। सूत्रों के अनुसार उक्त युवक द्वारा एक खेत से मिट्टी निकालने का दो ट्राली का परमिट बनावता है और उसके बाद फावड़ा से कई ट्राली मिट्टी खोदकर बेच रहा है। युवक ने पाली थाना क्षेत्र के ग्राम किलकिली निवासी साथी के साथ मिलकर आगमपुर, मुरीदापुर और तड़ेर गांवों में खेतों से सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी खोदकर बेच डाली। खनिज अधिकारी अजीत सिंह का कहना है कि उनके संज्ञान में खनन की कोई शिकायत नहीं है। अगर उपरोक्त व्यक्ति द्वारा खनन किया जा रहा है तो जांच करवाई जाएगी और कठोर कार्रवाई गई होगी।

# निलंबित कांस्टेबल ने नदी में कूदकर दी जान

संवाददाता, सांडी, हरदोई

**अमृत विचार।** कहीं इंस्पेक्टर (क्राइम) तो कहीं सीबीआई अफसर बनकर लूट करने वाले सस्पेंड कांस्टेबिल ने शनिवार को गर्रा नदी में छलांग लगा दी। नदी में कूदने से पहले उसने पिता को फोन पर कहा कि वह ज़िंदा नहीं रहेगा, गर्रा नदी में जान दे देगा। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी है। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि कांस्टेबल रामू सिंह का शव बरौलिया पुल से करीब 50 मीटर की दूरी पर बरामद कर लिया गया है।

अरवल थाने के खद्दीपुर चैनपुर निवासी रामू सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह की 2018 में पुलिस में भर्ती हुई थी। पीलीभीत के पूरनपुर थाने में उसकी तैनाती थी।रामू सिंह अपनी पत्नी रश्मि सिंह के साथ वहीं रहता था। पीलीभीत में एक सनसनीखेज़ खुलासा हुआ, जिसमें बताया गया कि रामू सिंह अपने पिछले दिनों वहां गैंग बना कर लूट करता था। अपने गैंग के सरफराज़, कल्लू उर्फ कलुआ और कुछ साथियों के साथ कहीं इंस्पेक्टर (क्राइम) तो कहीं सीबीआई अफसर बन कर लूटपाट को अंजाम दे रहा था। जांच में कांस्टेबिल रामू सिंह पर लगाए गए आरोप सच साबित होने पर कांस्टेबिल रामू सिंह को सस्पेंड कर उसे व उसके साथियो सरफराज़ व कल्लू उर्फ कलुआ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस मामले से पीलीभीत पुलिस की काफी फज़ीहत हुई थी। बताते है कि वहां से ज़मानत पर छूटने के बाद रामू अपनी पत्नी रश्मि को गांव ले कर पहुंचा और उसे वहीं छोड़ कर पीलीभीत चला गया था। पिता देवेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार की रात में रामू ने उससे फोन पर कहा कि वह ज़िंदा नहीं रहेगा, गर्रा नदी में जान दे देगा, उसके बाद उसने साण्डी थाने के बरौलिया पुल से गर्रा नदी में छलांग लगा दी। उसके बाद से लगातार तलाश की जा रही है। तलाश के दौरान वहीं पुल के पास से उसका पर्स बरामद हुआ था। उसके बाद से लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि रविवार को दूसरे दिन बरौलिया पुल से करीब 50 मीटर की दूरी पर कांस्टेबिल रामू सिंह का शव बरामद कर लिया गया है। जिसे पुलिस ने अपने कब्ज़े में लेते हुए आगे की जांच शुरु कर दी।


**इंस्पेक्टर (क्राइम) व सीबीआई अफसर बन करता था लूट**

पीलीभीत ज़िले में तैनात कांस्टेबिल रामू सिंह की शादी करीब तीन साल पहले रायबरेली की रश्मि सिंह के साथ हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों के बाद से वह पत्नी को अपने साथ पीलीभीत ले गया था और वहीं रह रहा था। वहां लूटपाट के मामले में जेल जाने के बाद जब वह जेल से ज़मानत पर छूटा तो पत्नी को गांव आ कर छोड़ गया था।

## सार-संक्षेप


मृतक परिवार के सदस्यों से बात करतीं एसडीएम गरिमा सिंह।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे आवास

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहिउद्दीनपुर में बालू से लदा ट्रक पलटने से झोपड़ी के बाहर सो रहे एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत होने के पांचवे दिन उप जिलाधिकारी बिलग्राम गरिमा सिंह ने मृतकों के घर पहुंचकर उन्हें हरदोई या संडीला में बने आवास एलाट करने की बात कही, लेकिन मृतक के परिजन रोजी रोटी का हवाला देकर फिलहाल अभी तैयार नहीं है। कटरा –बिल्हौर मार्ग पर चुंगी नंबर 2 के पास झोपड़ी के बाहर मंगलवार की रात्रि सो रहे एक ही परिवार के आठ सदस्यों के ऊपर बालू से भरा ट्रक पलट गया था जिसमें दबकर सभी की मृत्यु हो गईं थी। ऐसे में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि आगे आकर उनकी आर्थिक मदद कर रहे है। तहसील प्रशासन लगातार लेखपाल के माध्यम से ऐसे परिवारों की जांच की तो पता चला कि आठ परिवारों के सदस्य उस स्थान पर रहते है। रविवार को उपजिलाधिकारी गरिमा सिंह ने मृतक परिवार के साथ रहने वाले लोगों से बात कर उन्हें काशीराम आवास योजना के तहत संडीला या हरदोई में आवास दिलाने को कहा जिसपर मृतक परिवार के सदस्य छुन्नू, जसवंत, राजेश का कहना है कि उनकी रोजी –रोटी मल्लावां से चल रही है। अचानक छोड़ने से रोजी रोटी के लाले पड़ जाएगे, फिलहाल मृतक परिवार ने मोहलत मांगी है। अब उन पर ही निर्भर है। वह क्या चाहते हैं। इस मौके पर तहसीलदार अमित यादव, नायब तहसीलदार जसवंत सिंह, क़ानूनगो हरिओम, लेकपाल मो जमाल, सुबोध वर्मा मौजूद रहे।

### भूमिहीन परिवार ने दी आत्मदाह करने की धमकी

**माधौगंज, अमृत विचार।** भूमिहीन परिवार ने पट्टे की ज़मीन के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उसे ज़मीन आवंटित तो कर दी गई, लेकिन वही ज़मीन दबंगों के कब्ज़े में होने से उसे उस पर कब्ज़ा नहीं मिल पा रहा था। उसी के लिए भूमिहीन परिवार 6 दिनों से धरने पर बैठा था। रविवार को मुखिया बोतल में पेट्रोल ले कर छत पर चढ़ गया और आत्मदाह की धमकी देने लगा। किसी तरह अफसरों ने उसे समझाकर नीचे उतारा। एसएचओ माधौगंज ध्रुव कुमार का कहना है कि मेडिकल के बाद उसे गांव के ज़िम्मेदार लोगों के सुपुर्द किया जाएगा। गुलाब नगर मजरा डकौली निवासी अजय प्रताप सिंह व उसका परिवार पट्टे की ज़मीन का आवंटन किए जाने को लेकर पिछले 6 दिनों से धरने पर बैठा था। उसने रविवार को आत्मदाह कर लेने की धमकी दे रखी थी। अजय प्रताप सिंह सुबह बोतल में पेट्रोल लेकर आत्मदाह के लिए छत पर चढ़ गया। वहां मौजूद पुलिस प्रशासन ने उसे ऐसा न करने के लिए काफी समझाया। उसके बाद वह नीचे उतरा और पुलिस उसे थाने लिए गई। अजय प्रताप का कहना है कि वह भूमिहीन है, 21 जुलाई 2023 को उसने पट्टे के लिए एसडीएम से गुहार लगाई थी। जिस पर उन्होंने उसे ज़मीन आवंटित करने के निर्देश दिए। खसरा संख्या– 130 व 619 में सरकारी ज़मीन दर्ज है। आरोप है कि कुछ दबंगों ने उस पर कब्जा कर लिया।

# अब ओवर स्पीड पर होगा चालान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** तय गति से तेज वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं है। पुलिस विभाग ने दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए तेज गति से वाहन चलाने वालों का चालान स्पीड लेजर यंत्र के माध्यम से करेगा। पुलिस विभाग को दो स्पीड लेजर यंत्र मिल गए है। रविवार को ट्रैफिक इस्पेक्टर प्रमोद यादव ने हरदोई - बिलग्राम मार्ग पर 10 वाहनों का ओवर स्पीड में चालान किया।

तय मानक से तेज वाहन चलाने और इससे होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शासन की तरफ से स्पीड लेजर यंत्र मिले हैं। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इस हाईटेक वाहन के रडार में आने वाली तेज रफ्तार गाड़ियों की लेजर से तस्वीर खींच ली जाएगी। साथ ही उसके स्पीड का भी पता चल जाएगा। इससे उनका चालान आसानी से हो जाएगा। पुलिस विभाग इन लेजर गन से हाईवे और मुख्य मार्गो पर चालान की कार्यवाई करेगा। स्पीड लेजर यंत्र को सड़क के किनारे लगा दिया जाता है। लेजर को सड़क की ओर कर दिया जाता है। नंबर पर लेजर की रोशनी पड़ते ही उसमे वाहन संख्या और स्पीड का पता चल जाता है गति सीमा अधिक पाए जाने पर उस मशीन से तत्काल चालान कट जाता है। ट्रैफिक इस्पेक्टर प्रमोद यादव ने कहा कि ओवर स्पीड वाहन और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए स्पीड लेजर गन मिल गई हैं। मुख्य मार्गो पर सड़क किनारे इस यंत्र को खड़ा किया जाएगा।


स्पीड लेजर यंत्र लगाती यातायात पुलिस। अमृत विचार

### पाली थाने के पास रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में थाने के पास रखे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई, कांस्टेबल की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि इस दौरान काफी देर के लिए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी। विद्युत कर्मचारियों ने आग बुझाने के बाद फाल्ट दूर करके विद्युत सप्लाई बहाल कराई। पाली कस्बे में थाने के पास विद्युत ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसमें अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर से लपटे उठती देख कांस्टेबल जयपाल ने विद्युत उपकेंद्र पाली में सूचना दी। मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मचारियों ने आपूर्ति बंद करवा कर आग बुझाई और फाल्ट दूर करके आपूर्ति बहाल की इस दौरान काफी देर तक नगर के तीन मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ठप रही।

# भाई की मिट्टी में जा रही बहन की हादसे में मौत, पति घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाई की मौत की खबर सुनते ही पति के साथ उसकी मिट्टी में शामिल होने जा रही बहन भी हादसे का शिकार हो कर ज़ख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल पहुंचाया जा रहा था, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी भी मौत हो गई। जबकि पति भी बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया।

शुक्रवार को बघौली थाने के बन्नई निवासी सत्येन्द्र पुत्र रामवीर सण्डीला के पास हुए सड़क हादसे में ज़ख्मी हो गया था, जिसे लखनऊ मेन भर्ती कराया गया। वहां शनिवार की शाम को उसकी मौत हो गई। देर रात उसका शव गांव पहुंचा। रविवार की सुबह सत्येन्द्र की 40 वर्षीय बहन पूजा अपने पति रामनिवास निवासी ज्योरी चंद्रमपुर थाना हरपालपुर के साथ बाइक से भाई की मिट्टी में शामिल होने बन्नई जा रही थी। बताते है कि रास्तें में लोनार थाने के न्यौरा देव के पास ईंटों से भरी ट्राली पति-पत्नी के ऊपर पलट गई, जिससे दोनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। आनन-फानन में उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया जा रहा था, लेकिन वहां पहुंचते ही पूजा की मौत हो गई। पूजा के तीन बच्चे है। एक तरफ भाई और दूसरी तरफ बहन की मौत ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। रो-रो कर घर वालों का काफी बुरा हाल है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# गंदगी से पटे पड़े गांवों के गलियारे, सफाई कर्मी नदारद

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद स्वच्छता अभियान दम तोड़ रहा है। ग्राम पंचायतों में सफाई के लिए लगाए गए सफाई कर्मी सफाई करना तो दूर गांव में झांकने तक नहीं जाते हैं। इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को होने के बावजूद वह इन पर मेहरबान रहते हैं।

टडियावां ब्लॉक के सफाई कर्मियों की मनमानी से ग्राम पंचायतों में सफाई नहीं हो पा रही है। सफाई कर्मियों की लापरवाही से गलियारें और नालियां कूड़े के ढेर में तब्दील हो गई है। ग्राम पंचायत बरगावां में बिखरी गंदगी से लोगों की आवाजाही में परेशानी का सबब बनीं हुई हैं। सरकारी सिस्टम की अनदेखी के चलते ग्राम पंचायत के लोगों में काफी गुस्सा पनप रहा है। ग्रामीण लज्जाराम, दयाशंकर, रामू गुप्ता, श्रीचंद्र पाल, छोटे कश्यप ने बताया कि उनके यहां पर तैनात सफाई कर्मी की ओर से पिछले आठ माह से सफाई कार्य नहीं कराया गया है। ऐसे में संक्रामक बीमारियां बढ़ रही है। आरोप लगाया कि गांव की बदहाल स्थिति में सफाई व्यवस्था को सुधार कराये जाने के लिए शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ध्यान नहीं जा रहा है। सफाई कर्मचारी अपनी मनमानी करते आ रहे हैं जब सफाई कर्मी से नालियों की सफाई करने के लिए कहा जाता है सफाई कर्मी का कहना है हम अपनी मर्जी से काम करेंगे आपको जो करना है वह कर लीजिए। गांव के वालों ने स्थानीय स्तर से लेकर उच्च स्तर तक इस अव्यवस्था की शिकायत की, लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका। नतीजतन गांव की गलियां आज भी गंदगी से बजबजा रही हैं।


टड़ियावां ब्लॉक के एक गांव में सड़क पर फैली गंदगी व घास से पटी नाली। अमृत विचार

# रियासत वॉरियर्स बनीं चैंपियन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीतापुर रोड स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर अंडर-17 महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार की शाम खेला गया। जिसमें रियासत वारियर्स ने अनवर हाकी इंडियन को 5-3 गोल के अंतर से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कई जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच हरदोई रियासत वॉरियर्स व अनवर हॉकी इंडियन के बीच खेला गया। जिसमें हरदोई रियासत वॉरियर्स ने अनवर हॉकी इंडियन को 5 -3 से हरा दिया। हरदोई रियासत वॉरियर्स की तरफ से मुस्कान ने 2 गोल, सानिया ने 1और मुस्कान ने किया । विजेता , उपविजेता टीमों को एडवोकेट व हाकी हरदोई संघ के संरक्षक अभय शंकर गौड़ ने खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तृतीय स्थान पर बालाजी हुंडई रही। निर्णायक की भूमिका अभिषेक सिंह, भावेश, कौशल ने निभाई। हॉकी हरदोई संघ के अध्यक्ष की समीर सिंह ने कहा कि ऐसे ही बड़े-बड़े आयोजन हरदोई में होते रहेंगे। जीनियस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक गजेंद्र सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों सम्मानित किया। संचालन गोविंद मिश्रा ने किया।


पुरस्कार से सम्मानित विजेता व उपविजेता टीम। अमृत विचार

## एक नजर

### असलहे और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना बिसवां पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुरेश पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम लोधपुरवा मजरा समौदीडीह थाना तम्बौर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### तमंचे के साथ आरोपी दबोचा

**लहरपुर।** सीतापुर कोतवाली पुलिस ने ग्राम रतौली के निकट से एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा के साथ पकड़ लिया। रविवार को पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली के निकट से कुलदीप 26 वर्ष निवासी ग्राम रतौली जो कि छेड़छाड़, बलात्कार के अपराध में वांछित चल रहा था उसे एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि बंदी बनाए गए अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके ऊपर थाना लहरपुर व तंबौर में 3 मुकदमे पहले से भी दर्ज है।

### जिला कार्यसमिति के सदस्यों की हुई घोषणा

**सीतापुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार प्रकोष्ठ के सदस्यों की एक दृश्य आमसभा आयोजित की गई। आमसभा में नवगठित सीतापुर जिला कार्यसमिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की गई। सारे सदस्यों ने इस आमसभा में शामिल होकर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। आमसभा में शामिल सदस्यों में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन सचिव, नवीन कुमार मिश्र, सीतापुर प्रकोष्ठ से सम्मत कुमार मिश्र, कृष्ण कांत त्रिपाठी, रामलखन मिश्र, शोभित मिश्र, आलोक कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, राममनोरथ अवस्थी, विजय प्रताप पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, अजय शुक्ल, दीपांशु, खुशबू मिश्रा, शारदा मिश्रा, लक्ष्मी मिश्रा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम मुलाहिमपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के विरुद्ध दहेज हत्या का अपराध दर्ज किया और पति को हिरासत में ले लिया। ग्राम भनवापुर मजरा जमौरा निवासी कौशल कुमार यादव ने अपनी बहन पूनम 23 वर्ष की शादी 6 वर्ष पूर्व कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुलाहिमपुर निवासी हरिओम पुत्र रामसागर यादव के साथ की थी। जिसने विगत शुक्रवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़ित भाई कौशल किशोर ने तालगांव पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बहन की दहेज के लिए हत्या किए जाने का पति, सास, ससुर और ननद पर हत्या का आरोप लगाया था। तालगांव पुलिस ने 498 ए 304ठ, 3/4 डीपी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर पति हरिओम को रविवार को गांव में घर के निकट सूचना के आधार पर बंदी बनाकर न्यायालय भेज दिया।

## डीएम व एसपी ने की पैदल गश्त



**सीतापुर।** रविवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने संयुक्त रुप से बकरीद के दृष्टिगत कानून व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए पुलिस बल के साथ शहर के कजियारा चैराहा से सिटी रेलवे स्टेशन एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की। अमृत विचार

# कलश यात्रा के साथ सनातन धर्म ज्ञान यज्ञ शुरू

धर्म-कर्म

▸▸ 22 जून तक चलेगा अनुष्ठान और होंगे प्रवचन



घट भरकर आईं धर्मानुरागी महिलाएं। अमृत विचार

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के बेहड़ा गांव में सनातन धर्म ज्ञान यज्ञ महोत्सव की शुरुआत बुधवार को कलश यात्रा के साथ हुई। यह अनुष्ठान 22 जून शनिवार तक चलेगा।

रविवार की दोपहर करीब 2 बजे यज्ञाचार्य शुभम मिश्र नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में शामिल हुईं। ढ़ोल-बाजों व अमीर-गुलाल के बीच कलश यात्रा कार्यक्रम मां राज राजेश्वरी दुर्गा मंदिर से शुरू होकर कस्बे की कष्टहरणी कठिना नदी पर पहुंची। पूजा-अर्चना कर कठिना नदी से वैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच धर्मानुरागी महिलाओं ने अपने-अपने कलश भरे और जयकारे लगाते हुए बैजनाथ मंदिर होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से वैदिक मण्डल द्वारा यज्ञशाला में अग्नि का प्राकट्य किया गया। दोपहर बाद रामकथा व्यास प्रभात त्रिपाठी ने भागवत महात्म्य की कथा कही।

आयोजक राजेश्वरानंद महाराज ने बताया कि अनुष्ठान के साथ मेले का आयोजन भी होगा। 22 जून को कन्या भोज के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक तथा शाम 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक रहेगा। धार्मिक कार्यक्रम में ओमकार मिश्रा, सुधा मिश्रा, श्रवण, बबलू, धनी, अनिल, श्याम प्रकाश, रजनीकांत, रवि मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यौन हिंसाः केस तो दर्ज किया लेकिन गिरफ्तारी करना भूल गई पुलिस!

## क्षेत्राधिकारी के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ था केस, गिरफ्तारी पर टाल-मटोल

फॉलोअप

▸▸ 17 दिन बाद भी पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** पचास हजार रुपए की रिश्वत लेने के कथित आरोप झेल रही कोतवाली पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। दरअसल, पॉक्सो एक्ट के आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस की टाल-मटोल जारी है। केस दर्ज होने के सत्रह दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर रही है। पूरा मामला दिन-दहाड़े खेतों की ओर शौच गई नाबालिग से असलहे के बल पर दुष्कर्म करने और कई घंटे तक बंधक बनाए रखने से जुड़ा है।

मालूम हो कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 27 मई की दोपहर करीब 12 बजे एक नाबालिग लड़की शौच के लिए गांव के बाहर खेतों की ओर गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का विपिन चुपके से अपनी साइकिल से आया और नाबालिग को जबरन दबोच ले गया। असलहे के बल पर वह नाबालिग को पड़ोस के गन्ने के खेत में ले गया और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं दबंग विपिन ने कई घंटे तक नाबालिग को अपनी कैद में रखा। उधर कई घंटे बीत जाने के बावजूद जब पीड़िता घर नहीं पहुंची तो उसकी बड़ी बहन ने अपने चाचा को सूचना दी। भतीजी को ढूंढने के लिए चाचा खेतों की तरफ पहुंचा। उसने देखा कि विपिन उसकी भतीजी को पकड़े हुए है। चाचा की ललकार पर विपिन अपनी साइकिल और मोबाइल छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा। चाचा के साथ घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई।

पीड़िता के पिता ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने आरोपी की गुमशुदगी तो दर्ज कर ली लेकिन पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोई केस दर्ज नहीं किया था।



पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म का केस, आरोपी अभी फरार

पूर्व में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

### 30 मई को पीड़िता के पिता ने दी थी तहरीर

30 मई को पीड़िता का पिता तहरीर लेकर क्षेत्राधिकारी महोली अरुण कुमार सिंह के कार्यालय पहुंची और नाबालिग की आप-बीती के साथ पुलिस की कार्यशैली की भी कलई खोल दी। सीओ के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने धारा 376, 342, 3/4 पॉक्सो एक्ट तथा 3 (2) 5 एससीएसटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया था। हैरत की बात यह है कि पुलिस की कार्रवाई कागज तक सीमित रही। 17 दिन बीतने के बावजूद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। गांव में चर्चा तो यहां तक है कि आरोपी के परिजनों से केस हल्का करने और आरोपी की गिरफ्तारी न करने के लिए कुछ उपहार भी लिया गया था। हकीकत क्या है, कहना मुश्किल है। लेकिन संगीन अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी न होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है।

## 11 वांछित व वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों एवं वारंटियो की गिरफ्तारी के निर्देश के क्रम में अलग अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने कुल 11 वांछित व वारंटी अभियुक्तों पर कार्रवाई की है।

थाना हरगांव पुलिस द्वारा कुल 5 वांछित यासीन उर्फ हसीन खां पुत्र इस्माइल, वसीर पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां, तौसीफ पुत्र रोजदार खां, नसीम पुत्र यासीन उर्फ हसीन खां और परवेज पुत्र शमसाद निवासीगण ग्राम मोहरसा थाना हरगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। थाना रामकोट पुलिस टीम ने 3 वांछित कुलदीप शुक्ला पुत्र विमल कुमार शुक्ला निवासी ग्राम खैरेपारा, प्रियांशु उर्फ प्रांशु मिश्रा पुत्र मुनेश मिश्रा निवासी ग्राम खैरेपारा और मुकुल मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र कुमार मिश्रा निवासी विकास नगर खूबपुर थाना रामकोट जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही अभियुक्त आदर्श मिश्रा पुत्र सत्येन्द्र मिश्रा निवासी खुबपुर थाना रामकोट सीतापुर द्वारा एक अन्य अभियोग में न्यायलय के समक्ष आत्मसमपर्ण किया गया है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस का मित्र रूप, राहगीरों को पिलाया शर्बत और पानी



पानी व शर्बत का वितरण करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** लू के थपेड़ों तथा झुलसाती गर्मी को देखते हुए हरगांव पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से थाने के सामने पंडाल लगाकर पानी तथा शर्बत का वितरण किया। रविवार को राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए हरगांव पुलिस के सिपाहियों ने लोगों को शर्बत वितरित किया। पुलिसकर्मी सुबह से ही थाने के गेट पर पानी में बर्फ तथा चीनी का मिश्रण तैयार कर राहगीरों को ठंडा तथा मीठा पानी वितरित कर रहे थे। पुलिसकर्मियों ने सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोककर राहगीरों को शर्बत पिलाया। राहगीरों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर कांस्टेबल अर्पित, कांस्टेबल विक्रांत, कांस्टेबल लक्ष्मन, कांस्टेबल रवि, कांस्टेबल शक्ति राठी, रंजीत गुप्ता, सुनील आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय के पास के नाले से निकाली जा रही बालू

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** शुकुलपुरवा विद्यालय के पास से लगभग सौ मीटर दूरी से नाला निकला है। सरयू नदी से बरसात में काफी बालू इस नाले में आ जाती हैं। प्राथमिक विद्यालय शुकुलपुरवा के पास से ही खनन माफिया रात भर नाले के मुहाने से बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। जिससे बरसात में पानी आने से विद्यालय कटान की की तरफ बढ़ रहा है इसी तरीके से खनन होता रहा तो यह विद्यालय इसी साल कट भी सकता है। यदि खनन न हो रहा होता तो नाला अपने आप सरयू की तरफ से आई हुई मिट्टी व बालू से पट जाता। नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि माता पुत्र दुर्गा कुछ पैसे लेकर के खनन माफिया को ट्राली के हिसाब से बालू बेचते थे। जिससे सरयू नदी और बांध की दूरी कम होती जा रही है बांध के उस पार रहने वालों को वहां से पलायन करने की मजबूरी बहुत जल्द होने वाली है। ट्रैक्टर ट्राली चलने की वजह से बंधे के उस पार जो गांव वाले हैं उनको आने-जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि ट्रैक्टर ट्राली निकलने से साइकिल या मोटरसाइकिल से निकलने में भी बहुत दिक्कत होती है। बंधे के उस पार ट्रैक्टर ट्राली चलने की वजह से चार पहिया वाहन खनन माफियाओं की वजह से नहीं जा सकते। जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा कृष्णानंदन तिवारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा मैं अभी जल्दी आया हूं जानकारी मिली है, खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में एसडीएम महमूदाबाद, शालिनी कुमार खनन अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों अधिकारियों का फोन नहीं उठा।

### बुजुर्गों की सच्चे मन से सेवा कभी बेकार नहीं जातीः इशरत



दरगाह पर मौजूद सज्जादानशीन। अमृत विचार

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** दरगाह हजरत हक हू शाह निकट दरगाह मकबूल मियां में दो दिवसीय वार्षिक उर्स संपन्न हो गया। सर्वप्रथम सज्जादानशीन शेख इशरत अली सादी सज्जादी की सरपरस्ती में दरगाह बड़े मखदूम साहब से जुलूस गागर चादर उठा। उसके बाद दरगाह पर कव्वाली हुई इसके पश्चात अगले दिन प्रातः कुरआन ख्वानी हुई और सांय काल कुल शरीफ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सज्जादानशीन इशरत अली ने कहा कि अपने बुजुर्गों की सेवा सच्चे और अच्छे मन से अगर की जाए तो कभी बेकार नहीं जाती है अच्छे कार्यों से इंसान की अलग पहचान होती है। कुल शरीफ में उपस्थित लोगों में इशरत अली सादी सज्जादी, सैय्यद लईक अहमद किरमानी, सैय्यद वसीक अहमद किरमानी, सैय्यद अफजाल मियां, हाफिज अरसलान उस्मानी, मौलाना अकीक अहमद, हाफिज सैय्यद ताहिर मियां, इमरान सिद्दीकी, इमरान किरमानी, हाफिज गुफरान अहमद, जलील अहमद, गुड्डू, पप्पू, सोनू, मोहम्मद यूसुफ नदीम अहमद आदि मौजूद थे। अन्त में सज्जादानशीन इशरत अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाजार में नाबालिग ने काटी जेब, लोगों ने पुलिस को सौंपा

लहरपुर, सीतापुर

▸▸ मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित पशु बाजार की घटना

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निकट पशु बाजार से रविवार को लोगों ने एक नाबालिक लड़के को जेब काटने के आरोप में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसका वीडियो भी वायरल हो गया है।

रविवार को नगर क्षेत्र स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के निकट रविवार को बकरीद पर्व को लेकर विशेष पशु बाजार लगायी गई थी। जिसमें भारी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग बकरा खरीदने के लिए आए थे, उसी समय अचानक हड़कंप मच गया। जब बाजार में लोगों की जेबों से एक नाबालिग लड़के द्वारा चोरी की जा रही थी, जिसके बाद लोगों ने उसको चोरी करते हुए पकड़ लिया और देखते ही देखते भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, एक नाबालिक बच्चे को जेब से पैसा निकालने के आरोप में लाया गया है, किसी ने न तो कोई आरोप लगाया है, न ही कोई प्रार्थना पत्र दिया है, जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



नाबालिग को पकड़कर ले जाते लोग। अमृत विचार

# बहनोई ने साले पर चाकू से किया हमला, मौत

▸▸ साले ने बहनोई के खिलाफ दहेज मांगने की दी थी तहरीर

**खैराबाद, अमृत विचार।** बहनोई के जानलेवा हमले में घायल हुए साले ने लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक बहन-बहनोई के झगड़े को सुलझाने गया था।

खैराबाद थानाक्षेत्र के जोशी टोला निवासी राहुल पुत्र संजय थाना खैराबाद में तहरीर दी थी। उसने ढाई वर्ष पूर्व अपनी बहन प्रिया की शादी आकाश उर्फ छोटू पुत्र भोलानाथ निवासी मोहल्ला सुजावलपुर से की थी तथा दहेज में सामर्थ्य अनुसार काफी सामान दिया था, लेकिन दहेजलोभी उसकी बहन को काफी मारते पीटते थे कि आये दिन घर से भगा देते थे। वह शादी के उपरांत दो लाख रूपयों की मांग कर रहे थे। किसी तरह उसने उनको एक लाख रूपये दिए थे। उसके उपरांत भी बहन को प्रताड़ित करते थे। इसी संबंध में जब वह सुजावलपुर चौराहे पर खड़ा घर का सामान खरीद रहा था तो उसके बहनोई आकाश ने पीछे से आकर उस पर चाकुओं से दिनांक 13 जून 2024 को हमला कर दिया। जिससे वह बहुत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। उसे जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया, लेकिन फिर उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां पर उसकी रविवार को मौत हो गई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष नीरज सिंह ने बताया आकाश उर्फ छोटू पुत्र भोलानाथ पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।



राहुल (फाइल फोटो)। अमृत विचार

# घर पर फायरिंग का आरोप पीड़ित ने की शिकायत

**नैमिषारण्य, अमृत विचार।** बिजनापुर गांव निवासी पीड़ित कुलदीप वर्मा ने बताया कि वह पढ़ाई करता है। शनिवार शाम उसके घर का नल खराब होने के चलते वह पड़ोस में अपने ताऊ जी के घर नहाने चला गया था। इतने में ही गांव के निवासी अमन एवं शिवा साथ ही उसके लगभग 7 से 8 साथी जोकि बाहरी थे बुलेट एवं अन्य दोपहिया वाहनों से घर पर आ धमके एवं फायरिंग शुरू कर दी और धमकी देते हुए भाग गए। घटनास्थल से कारतूस के खोखे भी बरामद हुए हैं। घटनास्थल पर ग्राम पंचायत स्तर से सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए गए हैं। जब कैमरे की फुटेज चेक करने की बात आयी तो पता चला उसमें रिचार्ज ही नहीं है। कैमरों से अपराधियों की पहचान जल्द हो सकती थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

श्रद्धा

**गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में किया स्नान**

# मां गंगा की उपासना कर भोले शंकर की पूजा-अर्चना की



पवित्र सरोवर में बड़ी संख्या में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्य कुंड मंदिर स्थित पवित्र सरोवर में रविवार को प्रातः काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और मां गंगा की उपासना कर भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर भगवान कामेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मान्यता है कि गंगा दशहरा के अवसर पर इस पवित्र सरोवर में स्नान करने से मनुष्य सभी पापों एवं रोगों से मुक्त हो जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह हवन पूजन कर भगवान शंकर का रुद्राभिषेक कर यथाशक्ति जरूरतमंदों को दान किया। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या लोगों ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

गंगा दशहरा के अवसर पर मंदिर प्रांगण में एक मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए श्रद्धालुओं ने अपनी आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की और बच्चों ने मेले का आनंद उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# शाम को घर से गायब हुई नाबालिग का सुबह पेड़ से लटका मिला शव

▸▸ घर से नाराज होकर गई थी नाबालिग, एक किमी दूर मिला शव

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर एक पेड़ में उसी के दुपट्टे से लटका मिला।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गांव के एक वाशिंदे की नाबालिग पुत्री का गुपचुप तरीके से किसी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर परिजन उसे शक की निगाहों से देखते थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को परिजनों ने किसी समय नाबालिग को मोबाइल फोन से बात करते पकड़ लिया। यह फोन परिजनों का नहीं था। इसलिए उन्होंने मोबाइल को जब्त कर लिया और फटकार लगाई। बताया जा रहा है कि अपनी जिद और परिजनों की फटकार से क्षुब्ध होकर मोनी शनिवार की देर शाम अपने घर से गायब हो गई। परिजनों ने उसे घर, पास-पड़ोस और गांव में काफी तलाश किया। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार की सुबह घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गांव के उत्तर शीशम के पेड़ में नाबालिग का शव उसी के दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं हैं। कुछ ग्रामीणों का दावा है कि मृतका के हाथों पर चोटों के निशान थे। लेकिन पुलिस कुछ भी स्पष्ट करने से कतरा रही है। इस संबंध में जब बड़ागांव चौकी प्रभारी मान सिंह पाल से बात की गई तो उन्होंने पहले तो थाने से सूचना लेने का परामर्श दिया। फिर बताया कि नाबालिग का शव लटकता मिला है। कल वह घर से नाराज होकर चली गई थी। प्रेम-प्रसंग से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं मिला है। न ऐसी कोई जानकारी है।

## एक नजर

### सीएचसी पर हुआ आरोग्य मेले का आयोजन

**पलियाकलां।** सीएचसी पर रविवार को आरोग्य मेला लगाया गया। मरीजों का चेकअप कर उनकों दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले में 4 बजे तक 55 मरीजों को देखा जा चुके थे। ज्यादातर मरीज मौसमी बीमारियों उल्टी, दस्त, बुखार आदि से पीड़ित थे। शिविर में अधीक्षक डॉक्टर भरत सिंह, डॉ. आरके वर्मा, डॉ. सुभाष राणा, डॉ. नीतू वर्मा, फार्मासिस्ट परशुराम आदि मौजूद रहे।

### धौरहरा में स्टॉल लगाकर पिलाया गया शर्बत

**बिलहरी।** धौरहरा ग्राम में श्रद्धालुओं ने गंगा दशहरा पर्व पर स्टाल लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया है। व्यवस्था में सनोज शुक्ला, मनोज शुक्ला, शिवम शुक्ला, अनुज कुमार, आलोक कुमार, सुरेश पांडे, रामप्रसाद सहित तमाम श्रद्धालु लगे रहे।

# शारदा नहर पटरी के किनारे लगेगा बैरियर

## आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए उठाया गया कदम, नहर पटरी का होगा चौड़ीकरण

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र से गुजरने वाली शारदा सहायक नहर मार्ग पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सपा विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी ने नहर रेगुलेटर पुल से सूरजकुंड तीर्थ स्थल तक नहर पटरी का चौड़ीकरण व नहर पटरी के किनारे किनारे डब्लू मेटल क्रैश बैरियर लगाने का प्रस्ताव सदन में रखा था।

मालूम हो कि विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी ने सदन में नियम 111 के अंतर्गत विगत 30 नवंबर 2023 को प्रस्ताव रख कर उक्त मार्ग पर किनारे किनारे फेंसिंग लगाए जाने की मांग की थी, क्योंकि इस मार्ग पर नहर में गिरने से कई दुर्घटनाएं एवं जन हानि भी हो चुकी हैं। जासमीर अंसारी ने उक्त प्रकरण पर सरकार से व्यक्तव्य दिए जाने की मांग की थी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड ने विधान परिषद सदस्य जास्मीर अंसारी को पत्र भेज कर अवगत कराया है कि शारदा सहायक नहर किलोमीटर 41,800 नहर रेगुलेटर से 46,100 सूर्यकुंड मंदिर पुल तक नहर पटरी के किनारे किनारे डब्लू मेटल क्रैश बैरियर लगाने के कार्य की परियोजना की तकनीकी, वित्तीय स्वीकृत प्राप्त होने एवं धन आवंटन के पश्चात कार्य होना प्रस्तावित है। मार्ग पर नहर के किनारे किनारे क्रैश बैरियर लग जाने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग जाएगा।

उक्त परियोजना के स्वीकृत होने पर स्थानीय लोगों ने भारी हर्ष व्यक्त किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से हाशिम अंसारी, हसीन अंसारी, उमेश मल्होत्रा, अखिलेंद्र यादव, ताहिर अंसारी, वसीम अंसारी, हारून अंसारी आदि हैं। थे। सूत्रों के अनुसार उक्त परियोजना की लागत लगभग एक करोड़ 79 लाख 17 हजार बताई गई है।

▸▸ सपा एमएलसी के प्रयासों से परियोजना हुई स्वीकृत



जासमीर अंसारी



शारदा सहायक नहर। अमृत विचार

# बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव का किया विरोध

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला सचिव मंडल गोंडा बलरामपुर ने यूपी पावर कॉरपोरेशन द्वारा ग्रामीण विद्युत दरों की वृद्धि के प्रस्ताव पारित किए जाने का तीव्र विरोध किया है।

पावर कॉरपोरेशन के संचालक मंडल ने यह प्रस्ताव पास किया है कि शहरों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी विद्युत उपभोक्ता मानकर उनके रेट बढ़ाए जाएंगे। इससे प्रति यूनिट दो तक बिजली महंगी हो जाएगी। जिसके कारण प्रदेश के 2 करोड़ 85 लाख बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली शुल्क का और अधिक बोझ बढ़ेगा। इसके पूर्व बिजली कनेक्शन और मीटर लगाने के खर्चों में अभूतपूर्व वृद्धि करने की का प्रस्ताव भी आ चुका है। सीपीआईएम जिला सचिव कौशलेंद्र पांडेय ने कहा बिजली शुल्क व बिजली दरों में वृद्धि द्वारा सरकार, महंगाई से त्रस्त आमजनता पर बोझ बढ़ाकर बिजली कंपनियों का फायदा करना चाहती है। सीपीआईएम सचिव मंडल ने कहा है कि इसमें सीएम को हस्तक्षेप करना चाहिए। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने डीएम अथवा विद्युत अधिकारियों को मांगपत्र देकर विद्युत शुल्क और दरों में वृद्धि न करने के लिए आगाह किया है।

# पशु बाजार में पांच से 20 हजार तक में बिके बकरे

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** बकरीद के पर्व को लेकर रविवार को नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला में एक विशेष पशु बाजार लगायी गई। जिसमें बकरीद पर्व पर कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद के लिए भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने अपनी क्षमता के हिसाब से बकरों की खरीद फरोख्त की।

रविवार को लगाई गई विशेष बाजार में उपस्थित ग्राहकों ने 5000 से 20000 तक कीमत के बकरों की खरीद की। इस मौके पर सईद अहमद, रियाजुद्दीन, सरफराज, मुशीर अहमद आदि ने बताया कि अधिकांश लोगों द्वारा विगत सोमवार को लगने वाली बाजार में ही बकरों की खरीद कर ली गई थी, रविवार को जो लोग कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद से वंचित रह गए थे उन लोगों ने बकरों की खरीद की। इस मौके पर भारी संख्या में क्रेता और विक्रेता उपस्थित थे। बकरीद पर्व को लेकर क्रेता और विक्रेताओं की भारी भीड़ के चलते तहसील मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई और लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



मोहल्ला ठठेरी टोला में विशेष पशु बाजार में खरीददारी करते ग्राहक। अमृत विचार

# सम्मानित किए गए योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**आयोजन**

▸▸ डॉ. हरिओम को आदियोगी योग सम्मान से सम्मानित किया गया

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में योग महाकुंभ का आयोजन श्रीराम ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ द्वारा किए गए कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग चिकित्सकों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

जिले से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ हरिओम को आदियोगी योग सम्मान से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को प्रोत्साहित करना है। जिससे वह योग के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य लाभ दे सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री/राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, पद्मश्री अगुस इंद्र उदयना इंडोनेशिया वेदमूर्ति पवनदत्त, अवध प्रांत समरसता प्रमुख राजकिशोर, राममंदिर न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा, भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष राममहेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### काटी गई लकड़ी वापस दिलाने की मांग



मौके पर पड़ी यूकेलिप्टिस की लकड़ी और ट्राली में लोड करते लोग। अमृत विचार

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महतिनिया मजरा पतवारा निवासी जगदीश ने रविवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उन्होंने अपना साढ़े चार बीघा खेत अपने भतीजे त्रिभुवन और उमेश को बटाई पर दिया था, लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद न तो गल्ला ही दिया है और जो मेरे पेड़ यूकेलिप्टस के मेड़ पर लगे थे। वह भी रविवार को कटा रहे हैं। मना करने पर उपरोक्त लोग मारने दौड़े और जान से मारने की धमकी दी। जगदीश ने कोतवाली पुलिस से पेड़ काटने से रोकने और जो लकड़ी कट गई है उसे वापस दिलाने की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पारिवारिक बंटवारे का विवाद है। घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी ने नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का किया उदघाटन

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को आम जनता व पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए थाना मछरेहटा और मानपुर में नवनिर्मित आगंतुक कक्ष का उदघाटन किया। मछरेहटा में विधायक रामकृष्ण भार्गव भी उदघाटन के दौरान मौजूद रहे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक मछरेहटा व थानाध्यक्ष मानपुर तथा अन्य संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

### एक ही रात में दो घरों से लाखों का माल ले गए चोर

**कुतुबनगर, सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना क्षेत्र के गांव खानपुर में अलग-अलग दो घरों से लाखों का माल चोर उठा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। रामरतन पुत्र नन्हे मौर्य व रंजीत पुत्र कुबेर मौर्य निवासी खानपुर ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है शनिवार बीती रात दोनों परिवार घर मे सोये हुए थे तभी अज्ञात चोर घर के दरवाजे खोलकर घर में रखी नगदी व सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान उठा ले गए। अलग-अलग घरों में हुए चोरी में रामरतन के घर से एक बेहसर सोने की एक मंगलसूत्र सोने का, एक जोड़ी पायल चांदी की व एक कमर करधनी चांदी की। वहीं रंजीत के घर से सोने के झाला एक जोड़ी पायल चांदी व कमर बिछुआ उठा ले गए। सुबह जब पीड़ित की आंख खुली तो घर में बिखरा सामान देख चोरी की जानकारी हुई। काफी खोजबीन करने पर घर से उठाए गए में से कुछ सामान बाहर खेतों में मिला। पीड़ितों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस से की है।



खुला बक्सा और बिखरा पड़ा सामान।

# बभनान को कई वर्षों से एक अदद फायर सर्विस स्टेशन की दरकार

संवाददाता, बभनान

**अमृत विचारः** बभनान को एक अदद फायर सर्विस स्टेशन की दरकार है। कई दशक से फायर सर्विस स्टेशन स्थापित करने की मांग विभिन्न संगठनों सहित क्षेत्रीय लोगों द्वारा लगातार की जा रही है।

बभनान के आसपास गोंडा व बस्ती की 70% आबादी कृषि पर आधारित है। बड़े पैमाने पर लोग गेहूं व अन्य फसलों की बुआई करते हैं। गर्मी में शार्ट-सर्किट व अज्ञात कारणों से आग लगने की घटनाएं आम हैं। सूर्यमणि तिवारी, अनिरुद्ध तिवारी, अशोक मौर्य, सत्यदेव तिवारी, बब्बू आदि का कहना है गोंडा जिला मुख्यालय 70 किमी व बस्ती जिला मुख्यालय 51 किमी दूर है। छपिया व बभनजोत के कुछ गांव ऐसे भी हैं जो जिले के अंतिम छोर पर हैं ऐसे में वहां सुविधाओं का लाभ पहुंचाने तक देर हो जाती है। फायर सर्विस स्टेशन को सूचना जरूर दी जाती है लेकिन फायर सर्विस की गाड़ी पहुंचने में घंटों का समय लगता है, तब तक सब कुछ राख हो चुका होता है। घटना के बाद तहसील प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी राहत कोष से मुआवजा देने का ढांढस बधाया जाता है। जबकि कई दशक से स्थानीय लोगों द्वारा बभनान में फायर सर्विस स्टेशन बनाने की मांग की जा रही है लेकिन किसी ने भी कोई सकारात्मक पहल नहीं की।

# चलती ट्रेन से नहर में गिरा युवक

**तलाश जारी**

महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार।** अपनी बहन के साथ दवा लेने जा रहा भाई चलती पैसेंजर ट्रेन से नहर में गिर गया। जिसकी तलाश परिजनों व पुलिस द्वारा की जा रही है।

दरअसल बहन उर्मिला के साथ सुभाषनगर निवासी महेश यादव उर्फ सुनील यादव (30) पुत्र फूलचंद यादव अपने घर से लालपुर दवा लेने के लिए पैसेंजर ट्रेन से जा रहा था। तभी बहन उर्मिला के अनुसार करीब सुबह 9 बजे भगौली सैफन के पास उसका भाई चलती ट्रेन से शारदा सहायक नहर में अचानक से गिर गया। वह काफी दिनों से बीमार था जिसके चलते वह दवा लेने के लिए लालपुर जा रहा था।

वहीं भागौली चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों से जानकारी ली गई है तो उन्होंने बताया कि मौके पर पुलिस मौजूद है और गोताखोरों की मदद से नहर के अंदर व्यक्ति की तलाश जारी है।



किनारे खड़े होकर नहर में युवक को ढूंढते लोग। अमृत विचार

### एक साल पहले ही हुई थी युवक की शादी

परिजनों ने बताया कि महेश उर्फ सुनील यादव की 1 साल पहले ही शादी हुई थी लेकिन अभी तक गौना नहीं हुआ था।

# अंतिम बड़े मंगल पर कई स्थानों पर लगेगा भंडारा

**गोला गोकर्णनाथ।** जेठ के आखिरी बड़े मंगल पर कई जगह कन्या भोज, भंडारा, शर्बत प्याऊ लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। नगर की मोहम्मदी रोड पर डॉ गिरधारीलाल शर्मा अस्पताल के पास जेठ के चौथे आखिरी बड़े मंगल पर कन्या भोज कराया जाएगा, फिर भंडारा होगा। जो सुबह नौ बजे से शुरू होगा। नए बाईपास रोड स्थित सनसाइन हास्पिटल के संचालक डॉ कौशल वर्मा ने बताया कि जेठ के अंतिम बड़े मंगल पर उनके अस्पताल पर 11 बजे से भंडारा शुरू किया जाएगा। लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर में कई जगह भंडारे, प्याऊ लगेंगे।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में आती है एकजुटताः सुरेश राही

**लहरपुर, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत टांडा कला के ग्राम टांडा खुर्द स्थित श्री ओमकारेश्वर महादेव मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखंड रामायण के पाठ के उपरांत रविवार को मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर सरस संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया, इस मौके पर कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने मंदिर में भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की उन्होंने कहा कि, इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकजुटता आती है, उन्होंने मंदिर व्यवस्थापक व कार्यक्रम के आयोजक पंडित राम नारायण शास्त्री का आभार व्यक्त किया। मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस के पावन अवसर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।



श्री ओमकारेश्वर महादेव मंदिर के स्थापना दिवस पर मौजूद कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही।

# युवक के बाल पकड़कर खींचते दरोगा का वीडियो वायरल

**हरगांव, अमृत विचार।** कस्बे में तैनात एक दरोगा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे दरोगा एक युवक के बाल पकड़कर उसे खींचते नजर आ रहें। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

कस्बे के कुछ लोगों द्वारा लगातार पुलिस को शिकायत की जा रही थी कि तीर्थ के आस पास सड़क पर इस समय मनचले लड़के मंदिर को जाने वाली महिलाओं व लड़कियों पर फब्तियां कसते हैं। इसी को लेकर हरगांव कस्बे मे तैनात दरोगा योगेश शंखधर ने कस्बे की बस्ती रोड पर शक के आधार पर एक संदिग्ध युवक को रोका तो वह भागने का प्रयास करने लगा तो दरोगा ने भय बनाने के लिए बाल पकड़कर उस युवक की डांट फटकार लगायी। सीओ सदर सतीश चंद्र शुक्ल मौके पर जाकर स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किये हैं।



युवक के बाल पकड़कर खींचते दरोगा। अमृत विचार

### एपजा ने की महापुरूषों की मूर्तियों की साफ-सफाई



आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर स्थित महापुरुषों की उपेक्षा के चलते उनकी प्रतिमाओं पर काफी धूल मिट्टी आदि जमा होने के कारण आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एकजुट होकर नगर के रामकुंड चैराहा स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति, पैतेपुर रोड पर स्थित छीता पासी की मूर्ति, चतुराबेहड़ में महात्मा गांधी की प्रतिमा व कॉल्विन इंटर कॉलेज के निकट जवाहर लाल नेहरू की मूर्तियों की साफ सफाई की। साथ ही आसपास की गंदगी को भी साफ किया। इस अवसर पर आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोशिएशन की महमूदाबाद इकाई के संरक्षक अनुज जैन, अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष अनुज शुक्ला, धीरज नाग, दिलीप मिश्रा, महामंत्री अर्पित शुक्ल, कोषाध्यक्ष रामनिवास गुप्त, मीडिया प्रभारी रामगोपाल शर्मा, व सदस्य सुधीर वर्मा, मुकेश रस्तोगी, सुशील अवस्थी सहित कई सदस्यों ने इस पुनीत कार्य मे भाग लिया।

### जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बांटी राहत सामग्री



अग्निकांड पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि।

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शमसाबाद में बीते कुछ दिनों पहले मेंथा टंकी फटने से आग की जद में आए 12 घरों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी। मामले की जानकारी पाकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता द्वारा 12 पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी गई साथ हीं रोजमर्रा का सामान इकट्ठा करने के लिए कुछ नगद भी दिया गया। राहत सामग्री बांटते वक्त जब शिवकुमार गुप्ता को मालूम पड़ा कि शीलू पुत्री मायाराम की शादी आगामी 13 जुलाई को है। आग की वजह से उसका पूरा घर जल चुका था। साथ ही सारा सामान भी जलकर खाक हो चुका था तो उनके द्वारा 5 हजार रुपए अधिक बढ़ाकर आशीर्वाद स्वरुप दिए।

**अनदेखी** पेयजल के लिए तरस रहे डॉक्टर और मरीज, पानी की टंकी भी सूखी, नहीं हो पा रहीं कई जांचें

# पीएचसी माधवपुर में 20 साल बाद भी बिजली का कनेक्शन नहीं

संवाददाता, बेलसर


**अमृत विचारः** पीएचसी माधवपुर में बीस साल बाद भी बिजली कनेक्शन नहीं मिल पाया है। यहां तैनात डॉक्टर समेत मरीजों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

सीएचसी बेलसर के अधीन संचालित पीएचसी माधवपुर में बीस साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बिजली का कनेक्शन नहीं मिल सका है। जिससे डॉक्टर समेत मरीज को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। पीएचसी के अधीन लौव्वां टपरा, माधवपुर, हरखापुरा, धनई पट्टी, थड़क्की पट्टी, गोड़वा घाट, बीरसिंहपुर, बेन पुरवा, नकहा सहित अन्य ग्राम पंचायतों के करीब चालीस हजार लोगों की जिम्मेदारी है। लेकिन पीएचसी पर आज तक विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया। वार्ड बॉय ने बताया कि पहले अस्पताल के अंदर लगे ट्रांसफार्मर से एक केबल खींचकर आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन करीब तीन साल पहले ट्रांसफार्मर फुंकने से आपूर्ति बंद हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहा गया तो उन्होंने कहा कि पीएचसी पर कनेक्शन ही नहीं है तो कैसे ट्रांसफार्मर बदला जाए। पहले कनेक्शन लीजिए। बिजली न आने से पानी की टंकी सूख गई है। शौचालय में भी पानी नहीं है। पेयजल का भी संकट बना हुआ है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृतिका प्रसाद ने बताया कि गर्मी में जैसे-तैसे बरामदे में बैठकर इलाज किया जाता है। कोई सुनने वाला नहीं है। ऐसें दिनों-दिन काफी कठिनाइयों के दौर से भी गुजरना पड़ता है। कई बार विभाग को पत्र लिखा गया है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से व्यवस्था में सुधार की मांग दोहराई है।



पीएचसी में मरीजों को देखते डॉक्टर। अमृत विचार



सूखी पानी की टंकी। अमृत विचार

### मरीजों को नहीं मिल रहा जांच का फायदा

पीएचसी पर एलटी संविदा कर्मचारी निशा की तैनाती है, लेकिन सामान्य जांच को छोड़कर मलेरिया, हीमोग्लोबिन सहित अन्य जांच बिजली न होने के कारण नहीं हो रही है। कुत्ता काटने की दवा उपलब्ध है लेकिन एक दिन पूर्व सूचना मिलने पर इंजेक्शन लगता है। डॉक्टर कृतिका प्रसाद ने बताया कि रैबीज इंजेक्शन सहित अन्य इंजेक्शन को फ्रिज में रखने के निर्देश हैं। इसलिए मरीजों की संख्या नोट कर ली जाती है दूसरे दिन घर से लाकर लगा दिया जाता है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सोनकर ने बताया कि डॉक्टर कृतिका प्रसाद का पत्र आया था, विभाग को भेजा गया है। जल्द ही बिजली का कनेक्शन मिल जायेगा।

## एक नजर

### तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

**अमृत विचार,लखनऊ :** पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है। बतादें कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने प्रकरण को अपने हाथ में लिया है। मालूम हो कि सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है।

### स्थानीय खराबी से बिजली संकट जारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई ।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी।

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊ :** गाजियाबाद में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। नागेश्वर उर्फ नामे नामक इस अपराधी के खिलाफ गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नामे ने गाजियाबाद के बेहटा स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स की सटर काटकर करोड़ों रुपए के आभूषण की चोरी को अंजाम दिया था।

# हर जरूरतमंद को इलाज में मिलेगी पूरी मदद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज में भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दर्शन के स्थगित रहने के कारण रविवार को काफी संख्या लोग पहुंचे, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की मांग करने वाले ज्यादा लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री।

### मृतकों के परिजन व घायलों को दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कुवैत में अग्नि हादसे में मारे गये गोरखपुर के दो कामगारों के परिजन को पांच-पांच लाख व जम्मू के शिवखेड़ी में आतंकी हमले के घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पिछले दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के निवासी अंगद गुप्ता व जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंगद की पत्नी रीता देवी व जयराम की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया, जबकि जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल राजेश, रिकसोना, गायत्री व सोनी को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया।

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ गोरखपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकों की सराहना की।

# राज्यपाल ने खारिज कीं 31 दया याचिका, 14 स्वीकार

**01** जनवरी से अब तक दया के लिए 45 से अधिक आवेदन पहुंचे

**20** से 25 वर्ष की सजा काट चुके हैं आवेदन करने वाले आजीवन कारावास के कैदी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिका लगातार खारिज हो रही हैं। स्थिति ये है कि पांच महीने में 45 दया याचिका राज्यपाल के पास पहुंचे जिसमें से 31 उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

बता दें कि कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 45 दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 31 याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था, छूटने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। जिन कैदियों की दया याचिका प्राप्त हो रही थी, उनमें से सभी आजीवन कारावास की सजा पाए हुए हैं और 20 से 25 वर्ष की सजा पार कर चुके हैं।

**जून महीने में तीन रिहा, चार की याचिका खारिज**

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| **इनकी याचिका हुई अस्वीकार** | | |
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव तिवारी | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म के बाद हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | गोली मारकर दो की हत्या |
| **इनकी हुई समय पूर्व रिहाई** | | |
| केदार यादव | महराजगंज | हत्या का प्रयास |
| तसब्बर | गाजियाबाद | हत्या |
| हरिओम | अमेठी | हत्या |

## अब ग्राम पंचायत देंगी एसबीएम का हिसाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम) के कार्यों में खर्च धनराशि का हिसाब ग्राम पंचायतें देंगी। जिन्हें संबंधित वर्ष का 100 फीसद ऑडिट कराना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायतों से उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

गांवों में शौचालय, साफ-सफाई, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध समेत अन्य स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के तहत कराये गए कार्यों का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देंगी। इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू हुई है। जबकि अब तक ब्लॉक स्तर से एक साथ सभी ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाते थे। जिस वर्ष का उपभोग प्रमाण पत्र दिया जाएगा उस वर्ष का 100 फीसद ऑडिट होना अनिवार्य है। जो पंचायतें उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दे पाएंगी आगे के बजट से वंचित रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों से सभी 494 ग्राम पंचायत के वर्ष 2023-24 के उपभोग प्रमाण ऑडिट रिपोर्ट के साथ मांगे हैं। जो एक सप्ताह में देना है।

# बिजली चोरी करने वाले व करवाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है। एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।



आपूर्ति का पोस्टर दिखाते ऊर्जामंत्री।

**▶▶ सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई: शर्मा**

## जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

**अमृत विचार, लखनऊः** वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित उपचार के लिए इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलेगा। अभियान का दूसरा एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, इसी दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए तय कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश के बाद, नगर विकास विभाग द्वारा , विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय व वार्ड स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के माइक्रोप्लान, हर जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया कि नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए।

# बी-टू-बी में कारोबारियों ने साझा की आयात-निर्यात की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने व्यापार और उद्योग पर विस्तार से की चर्चा**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में भारत के साथ अलग-अलग देशों में व्यापार की संभावनाएं तलाशने आए प्रतिनिधियों की रविवार को टेबिल टॉक करायी गयी। व्यापार को लेकर कारोबारी जिम्मेदारों के बीच बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने देश के आयात-निर्यात की नीतियां एक-दूसरे से साझा कीं।

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने बताया कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक बड़ा आयोजन रहा। इस कान्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। निश्चित तौर पर यह बिजनेस मीट प्रदेश की इकॉनोमी के लिए बेहतर परिणाम देगी।

भारतीय कारोबारियों का जोर देश के विभिन्न उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर रहा। उन्होंने भारतीय चीजों की बिक्री और विदेशों से रॉ-मैटीरियल लेने पर सहमति जताई। वहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा कि भारतीय बाजार हमें क्या निर्यात कर सकता है और हम उनकी क्या जरूरत पूरी कर सकते हैं। इस पर विचार आगे बढ़ना चाहिए तभी प्रदेश के साथ आयात-निर्यात गति पकडेग़ा और व्यापार आगे बढ़ेगा।

उदाहरण रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर हमें अनाज चाहिए तो चिकन कारीगरी और इससे जुडे. वस्त्र चाहिए तो भारत किन चीजों पर विचार करेगा। आयोजक मंडल के सचिव रमेश मलहोत्रा ने कहा कि एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों में वार्ता कराई गई जो भविष्य में अच्छे कारोबारी परिणाम लाएगी। इन्हीं संभावनाओं के साथ इस कान्क्लेव का समापन हुआ। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# बरेली में फिर तोड़ा जाने लगा इमामबाड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के मोहल्ला किला स्थित इमामबाड़ा एक बार फिर तोड़ा जा रहा है। खास बात यह कि इसका विरोध जताने पर पुलिस ने कुछ नहीं किया। और तो और इस बाबत डीएम की चिट्ठी पांच दिन में भी सीओ तक नहीं पहुंच पाई।

नौ महीने पहले भी इसे तोड़ने की कोशिश की गई थी लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त ने इस बाबत भ्रमित कर ली गई अनुमति को निरस्त कर रोक लगाई थी। तब शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से भूमाफिया नदीम जैदी, ताहिर जैदी और हुमा जैदी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इन लोगों ने नगर निगम को भ्रमित कर इमामबाड़े को जर्जर इमारत बताते हुए इसे गिराने की अनुमति प्राप्त कर ली थी। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी की शिकायत पर नगर आयुक्त बरेली ने 25 अगस्त 2023 को अनुमति निरस्त कर तोड़फोड़ रुकवाई थी।

नौ महीने बाद एक बार फिर से इमामबाड़े में तोड़फोड़ के विरोध में मुतवल्ली बॉबी ने थाना किला के इंस्पेक्टर से शिकायत की तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय जिला प्रशासन के पास जाने के लिए कहा। 11 जून को बरेली के डीएम ने सीओ किला को चिट्ठी लिखी जो अब तक सीओ तक नहीं पहुंची है । फिलवक्त इमामबाड़ा तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि आज रविवार है। कल बकरीद है, अब सीओ से मुलाकात मंगलवार को होगी।



तोड़ा गया इमामबाड़ा।

**▶▶ पांच दिन में सीओ तक नहीं पहुंची डीएम की चिट्ठी**

### 1938 में बना था इमामबाड़ा

वक्फ बोर्ड में 1115 नंबर पर बरेली के मोहल्ला किला में इमामबाड़ा दर्ज है। इमामबाड़े के मुतवल्ली बॉबी के मुताबिक नवाब मोहम्मद हुसैन ने 1938 में इस इमामबाड़े और लक्ष्मनियापुर बाग को वक्फ कराया था। इस इमामबाड़े में मजलिस और इसकी देखरेख के लिए 17 दुकानें छोड़ी थीं। नवाब मोहम्मद हुसैन के वंशजों ने इन दुकानों को वक्फ रिकार्ड से बाहर करवा लिया था ।इसके बाद पूर्व मुतवल्ली ने लक्ष्मनियापुर बाग़ को वर्ष 2011 में बेच लिया।

## मतदाताओं से बदला लेने पर उतारू है भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा सरकार मतदाताओं को परेशान करके बदला लेने पर उतारू हो गई है। दावे के बावजूद, तपते माहौल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने रविवार को अपने बयान में कहा कि बिजली और पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। बावजूद भाजपा सरकार बिजली दरें दोगुनी कर रही है। गांव-शहर की बिजली दरें भी अलग-अलग होंगी। सपा प्रमुख ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को महंगी करने की साजिश है, ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 3 .35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहर में यह कीमत 5 .50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है।

## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2. 1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3. 1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6. 1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8. 1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9. 1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**


1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4. 1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8. 1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



### वर्ग पहेली -102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| थू | क | ना | | | | |
| | | | क | ट | ले | ट |
| ध | ब | ध | ब | | खा | |
| | ढ़ा | | रु | | जो | |
| अ | व | गं | ड | | खा | |
| रि | | गां | | | | जू |
| हा | | बु | ढ़ो | ती | | ड़ा |

## सुडोकू-16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 13 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष** – आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क** – आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या** – आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला** – आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक** – आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**धनु** – आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** – आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन** – आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मेला – सुबह : 10 .15
भीष्म – रात : 07 .00

**ZEE ACTION**
गैम्बलर – सुबह : 10 .49
कार्तिकेय 2 – रात : 07 .30

**SONY PIX**
द मास्क – सुबह : 11 .15
सैन एंड्रियास – रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
नागभूमि – सुबह : 11 .23
किसी का भाई किसी की जान – रात : 08 .00

**colors CINEPLEX**
इंस्पेक्टर विजय – दोपहर : 12 .30
स्पाई – रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया›
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

## एक नजर

### रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

### लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

# अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

## राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नीट मामला**



मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

### पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

# नए आपराधिक कानून लागू करने को किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

**कोलकाता, एजेंसी**

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू



केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

# दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्री गोपी ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण



केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

# हाशिम बाबा गिरोह का एक सदस्य रेकी करते समय दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शाहदरा इलाके में दो व्यापारियों की कथित तौर पर रेकी कर रहे हाशिम बाबा गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, सलीम (30) थाईलैंड में रहने वाले गिरोह के भगोड़े सदस्य राशिद केबलवाला के निर्देश पर यमुना पार क्षेत्र के व्यवसायियों की रेकी कर रहा था। उसने बताया कि सलीम मैसेजिंग एप्लीकेशन के माध्यम से हाशिम बाबा और राशिद के साथ नियमित संपर्क में था।

### नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

**राजकोट, एजेंसी**

**राजकोट गेमिंग जोन आग मामला**

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

# आतिशी ने किया पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा करने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र



राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने इस काम में मदद लेने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के गश्ती दल ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली पाइपलान में रिसाव की जानकारी दी थी जो सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र से दक्षिणी दिल्ली के इलाकों तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन है।

आतिशी ने कहा-गढ़ी मेडू में डी.टी.एल. सबस्टेशन के पास पाइपलाइन में रिसाव हुआ था। हमारे गश्ती दल को पता चला कि पाइपलाइन में 375 एम.एम. के कई बड़े बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट कटा हुआ था जिससे रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा-इससे पता चलता है कि पाइपलाइन में कुछ गड़बड़ी की गई है या उसमें जानबूझकर तोड़फोड़ की गई है।

### भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। यह अजीब और आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री पानी चोरी कर रहे हैं और दिल्ली में टैंकर माफिया चला रहे हैं।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है।

### आठ शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घटी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

# आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

## भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

### इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।

### एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

# लंदन से अचार के लिए 900 किलो आम की डिमांड

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद**

- रामकेला प्रजाति के कच्चे आम का किया गया निर्यात



**अमृत विचार :** मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

**17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश:** जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगो पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

### एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

# एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

### सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

# अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

• राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता



चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। • एजेंसी

## चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

• सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
• बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

• यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
• भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर



अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

• दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

### भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।



इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

• इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना


सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।



याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

• खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।



### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के पास हैं।

### समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

• भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

### चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।